बीसलदेव रास

स्व० डॉ० माता प्रसाद गुप्त एम्० ए०; डी० लिट्०
भूतपूर्व निदेशक क० मा० मुंशी हिन्दी विद्यापीठ, आगरा

तथा

श्री अगरचंद नाहटा

प्रकाशक

हिन्दी परिषद् प्रकाशन
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

प्रकाशक

हिन्दी परिषद् प्रकाशन
इलाहाबाद विश्वविद्यालय
इलाहाबाद

११०० प्रतियाँ

मूल्य : १०० रुपये

मुद्रक

नागरी प्रेस : ऑफसेट प्रिन्टर्स
६१/१८६ अलोपीबाग
इलाहाबाद, फोन : ६६२६३५

प्रथम संस्करण की

प्रस्तावना

प्रायः ढाई वर्ष हुए, 'राजस्थानी' की फ़ाइलें उलटते-पुलटते जनवरी, १९४० के अंकमे श्री अगरचंद नाहटा का 'बीसलदेव रासो' की हस्तलिखित प्रतियॉ शीर्षक लेख पढ़ा। उसमें नाहटाजी ने ग्रन्थ की एक दर्जन मे अधिक प्राचीन प्रतियो का संक्षिप्त उल्लेख किया था। उस लेख को पढ़ने के अनन्तर ग्रन्थ के पाठ-निर्णय और पाठ-संपादन का विचार उत्पन्न हुआ। किन्तु प्रतियॉ प्राप्त करने के लिए नाहटा जी से परिचय न होने के कारण मैने श्रद्धेय डॉ० धीरेन्द्र वर्मा जी से इसकी चर्चा की, तो उन्होंने नाहटा जी को लिखा। श्रद्धेय डाक्टर साहब के पत्र का उत्तर देते हुए नाहटा जी ने ग्रन्थ की प्रतियॉ इकट्ठी करके देना स्वीकार किया। इस देश में जहॉ प्रायः लोग प्रतियॉ दिखाना तक नहीं चाहते, उन्हें इकट्ठी करके उपयोग के लिए अन्य को देना बड़ी भारी उदारता का कार्य है। नाहटा जी का नाम उनकी इसी उदारता के नाते ही इस ग्रंथ के एक सम्पादक के रूप में जा रहा है, अन्यथा शेष समस्त कार्य मेरा किया हुआ है, और उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व मुझ पर ही है। नाहटा जी ने अर्थ के अंश को अंतिम रूप मे देख कर उसमें लगभग एक दर्जन स्थलों पर सुधार के सुझाव भी दिए, जिन्हें ग्रहण कर लिया गया है। यह उनकी अतिरिक्त कृपा थी।

केवल आभार-निवेदन शेष है। श्रद्धेय डॉक्टर धीरेन्द्र वर्मा ने उपर्युक्त प्रकार से इस कार्य में मेरी सहायता की है, इसलिए मैं उनका हृदय से आभारी हूँ। उक्त सहायता के बिना यह कार्य एक प्रकार से असंभव ही था। नाहटा जी के पूर्व भी मुझे अर्थ-निर्णय मे प्रायः एक दर्जन स्थलों पर श्री नरोत्तमदास जी स्वामी तथा लगभग इतने ही स्थलों पर अपने पूर्ववर्ती छात्र और अब विश्वविद्यालय के सहयोगी श्री जगदीश प्रसाद गुप्त से भी सहायता मिली थी। इन सज्जनों का भी मैं आभारी हूँ। अब भी प्रायः एक दर्जन स्थल शेष है, जिनके अर्थो के सम्बन्ध में पूर्ण निश्चय नहीं हो सका है। प्राचीन ग्रन्थों के सम्बन्ध में इस प्रकार की कठिनाइयॉ रह जाना स्वाभाविक है। जो विद्वान् इस विषय में अपने सुझाव देंगे उनका भी

मै आभारी हूँगा। ग्रन्थ के अन्त में दी हुई अनु क्रमणिका मेरे छात्र श्री मिथिलेश कांत, एम्०ए० ने वनाई है। इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूँ।

ग्रन्थ मे जहॉ-तहॉ कुछ छपाई की भूले रह गई हैं। पाठक कृपया उन्हें दिये हुए शुद्धि-पत्र को देख कर ठीक कर लें।

प्रयाग —माताप्रसाद गुप्त

श्रावण शु० १३, सं० २०१०।

द्वितीय संस्करण की प्रस्तावना

प्रस्तुत संस्करण में कृति को यथासंभव अधिक पूर्ण और संशोधित रूप में रखने का प्रयास किया गया है। इसी दृष्टि से भूमिका भाग मे तीन नवीन शीर्षक 'कथावस्तु और उसकी ऐतिहासिकता', रासक तथा रास काव्य-परंपरा और 'वीसलदेव रास' तथा 'वीसलदेव रास का काव्यत्व' रखे गए है जिनमें रचना के ऐतिहासिक तथा साहित्यिक पक्षों की विस्तृत विवेचना की गई है। स्वीकृत पाठ वाले भाग मे पाठ लोचन की दृष्टि से पाठ का आवश्यक सशोधन किया गया है। अर्थ वाले भाग में इस वार दुर्वोध शव्दो के अपभ्रंश और संस्कृत रूपो को भी देने का यत्न किया गया है, और अर्थ को अपेक्षाकृत अधिक प्रामाणिक रूप दिया जा सका है। कहना न होगा कि पिछले छः-सात वर्षों से किए गए मेरे हिन्दी के आदिकालीन साहित्य के अध्ययन से इस संस्करण में संपादन के विभिन्न अंगों को पूर्ण और परिष्कृत वनाने में मुझे वड़ी सहायता मिली है।

मुझे हर्ष है कि रचना का संशोधित संस्करण हिन्दी पाठकों को भेंट कर रहा हूँ। जिस सौजन्य के साथ उन्होने इसके प्रथम संस्करण को अपनाया है, उसके लिए मै उनका हृदय से आभारी हूँ।

प्रयाग —माताप्रसाद गुप्त

पौष कृ० १, सं० २०१६।

विषय-सूची

विषय पृष्ठ

भूमिका

१. विषय-प्रवेश ३

२. प्रयुक्त प्रतियाँ ५

३. प्रतियों का पाठ-सङ्गठन १४

४. प्रतियों के पाठ-सम्बन्ध-सूत्र १६

५. प्रतियों का पाठ-सम्बन्ध ४६

६. पाठ-निर्धारण ४७

७. कथावस्तु और उसकी ऐतिहासिकता ... ५१

८. रचना-तिथि ५५

९. रासक तथा रास काव्य-परम्परा और बीसलदेव रास ... ६०

१०. बीसलदेव रास का काव्यत्व ७१

बीसलदेव रास ८३

अर्थ २१५

परिशिष्ट २५७

छंदानुक्रमणिका ३७६

शब्दनुक्रमणिका ३८३

भूमिका

१. विषय-प्रवेश

'बीसलदेव रास' हिदी का गौरव-ग्रंथ माना जाता रहा है, क्योंकि इसमें स्वस्थ प्रणय की एक सुन्दर प्रेम गाथा गाई गई है, और सामान्यतः इसके संबंध में विश्वास यह रहा है कि यह हिदी के सबसे प्राचीन ग्रन्थों में से है। कुछ इतिहासकारो ने तो इसे हिदी का सर्वप्रथम ग्रन्थ तक कहा है। किन्तु राजस्थान के आलोचकों और इतिहासकारों के गत कुछ वर्षों में जो विचार सामने आए, उन्हें देखकर किंचित् आश्चर्य हुआ।

१९३९ में श्री मोतीलाल मेनारिया ने अपने राजस्थानी साहित्य के इतिहास मे लिखा[१] — "मालूम होता है नाल्ह कोई बहुत पढ़ा-लिखा हुआ कवि नहीं, बल्कि एक साधारण योग्यता का रमता-फिरता भाट था, जो अपनी तुकबंदियों द्वारा जन-साधारण को प्रभावित कर अपनी उदर-पूर्ति करता था। जन्मसिद्ध काव्य-प्रतिभा उसमें न थी। अतः रासो में न तो काव्य-चमत्कार, न अर्थ-गौरव और न छंद-वैचित्र्य है। सर्वसाधारण की बोलचाल की भाषा के शव्दों का प्रयोग उसने किया अवश्य, पर उनका भी ठीक-ठीक प्रयोग उससे न हुआ; उनके साथ लिपटे हुए भाव को वह समझ न सका। .... निष्कर्ष यह है कि साहित्यिक दृष्टि से 'बीसलदेव रासो' का मूल्य प्रायः नगण्य है।" फिर भी उन्होने इसकी प्राचीनता स्वीकार की—"हिदी भाषा के आदि स्वरूप और उसकी अविकसित अवस्था का बहुत-कुछ

---

१. राजस्थानी साहित्य के इतिहास की रूपरेखा, पृ० २९।

आभास हमें इस ग्रन्थ द्वारा मिलता है, और इसलिए नाल्ह का नाम हिंदी साहित्य मे अमर होगा।''

किंतु जनवरी १९४० में श्री अगरचंद नाहटा ने 'बीसलदेव रासो की हस्तलिखित प्रतियाँ' शीर्षक एक लेख में[1] उसकी प्राचीनता भी अस्वीकार कर दी। उन्होने ग्रन्थ की ऐतिहासिक, भौगोलिक और भाषा-विषयक विशेषताओं पर विचार करते हुए लिखा कि यह सोलहवीं-सत्रहवीं शताब्दी की रचना ज्ञात होती है, और उन्होंने यह सुझाव तक दिया कि सोलहवीं शताब्दी में नरपति नाम का एक जैन कवि हो गया है, असम्भव नहीं कि रचना भी उसी की हो।

स्वर्गीय श्री गौरीशंकर हीराचंद ओझा ने अपने एक लेख द्वारा नाहटा जी की शंकाओं का समाधान करने की चेष्टा की[2], और उनका उक्त लेख ऐतिहासिक समालोचना की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है, फिर भी नाहटा जी के विचारों मे उससें कोई परिवर्तन नहीं हुआ, क्योंकि उसके बाद के लेखों में भी नाहटा जी ने अपने वे ही विचार प्रगट किए है।[3]

इस प्रकार के मतों से और कुछ भले ही हो, यह अवश्य ज्ञात होता है कि राजस्थान के विद्वानो मे अपनी चीजों के लिए अनुचित मोह नही है, और यह संतोष का विषय है। फिर भी जहाँ अपने प्राचीन ग्रन्थों के संबंध मे इस प्रकार की समस्याएँ उठ खड़ी होती हैं, वहाँ उनका समाधान इतना सुगम नहीं होता है, कारण यह है कि अपने प्राचीन ग्रन्थों की पाठ-परम्पराएँ बहुत विकृत हो गई है; इसीलिए उनकी किसी भी एक प्रति अथवा सामान्य संस्करण के आधार पर उनकी कला अथवा प्राचीनता के संबंध में कोई आक्षेप करना प्रायः उनके प्रति अन्याय हो जाता है।

---

१. राजस्थानी, जनवरी १९४०, पृ० २२।
२. ना० प्र० प०, वर्ष ४५ (सं० १९९७) पृ० १६३।
३. ना० प्र० प०, वर्ष ४७ (सं० १९९९) पृ० २५५ तथा ना० प्र० प०, वर्ष ५४ (सं० २००६) पृ० ४१।

'बीसलदेव रास' के सम्बन्ध में, जैसा हम आगे देखेगे, यह वात और भी अधिक लागू होती है, कारण यह है कि काल के व्यवधान से उसकी विभिन्न प्रतियाँ कम-से-कम उसके पाँच प्रकार के पाठ प्रस्तुत करती है, जिनमे कुल मिलाकर लगभग पौने पाँच सौ छंद आते है, जिनका केवल २७%-२८ प्रामाणिक माना जा सकता है, .औरिस २७%-२८% के सम्बन्ध में भी इन प्रतियो में इतना पाठ भेद है कि अन्यत्र कम ही मिलेगा। फलतः केवल पाठालोचन के सिद्धान्तों के आधार पर—जैसा आगे किया गया है—पाठ-निर्धारण करके ही हम कृति का ठीक-ठीक मूल्यांकन कर सकेंगे।

२. प्रयुक्त प्रतियाँ

'बीसलदेव रास' की प्राप्त प्रतियाँ अपने पाठ-साम्य के आधार पर[1] पाँच समूहों मे रक्खी जा सकती है : म० समूह, प० समूह, न० समूह, अ० समूह और स० समूह। इन्ही समूहो के अनुसार उनका एक संक्षिप्त परिचय नीचे दिया जा रहा है। ये समस्त प्रतियाँ श्री अगरचन्दजी नाहटा से प्राप्त हुई।

म० समूह

इस समूह की केवल दो प्रतियाँ प्राप्त हुई है।

(१) म०—जिसकी पुष्पिका इस प्रकार है :—

।।२०२।। इति श्री बीसलदेव रास समाप्त ।।छ।। ।।श्रीरस्तु।। ।।कल्याणमस्तु।। ।।श्री।।

पुष्पिका में प्रतिलिपिकार-विषयक या अन्य कोई उल्लेख न होने के कारण इस प्रति के नामकरण के लिए उपयुक्त आधार नहीं मिल सका। इसके ऊपर कागज बड़ौदा के श्री मजूमदार के पते का था, इसलिये उनके नाम के पहले अक्षर के अनुसार इसका संकेत 'म०' रख लिया गया है।

---

१. दे० आगे इसी भूमिका में 'प्रतियों के पाठ-सम्बन्ध-सूत्र' शीर्षक के अन्तर्गत विभिन्न समूहो से सम्बन्धित विवेचन।

यह प्रति पूर्ण है, सुलिखित है और कागज तथा लेखन-शैली की दृष्टि से वहुत प्राचीन ज्ञात होती है।

(२) मृ०—जो केवल ३८ छन्द तक लिखकर अधूरी छोड़ दी गई है। इसीलिए इसमें पुष्पिका भी नही है। यह पूर्णतः म० का पाठ देती है, और अधूरी है, इसलिये इसके लिये संकेत मृ० रख लिया गया है।

पं० समूह

इस समूह की सात प्रतियाँ प्राप्त हुई है।

(३) पं०—जिसकी पुष्पिका इस प्रकार है :—

।।२४६।। इति श्री वीसलदेव रास समाप्रतं ।।१।। संवत् १६३३ वर्षे वैशाख वदि ११ दिने। आदित्यवारे। लिपतं आगरा मधे पं० सीहा लिषतं ।।संपूर्ण।। छ ।।१।।

तिथियुक्त प्रतियों में यही सव से प्राचीन है। प्रतिलिपिकार के नाम के प्रथम अक्षर के आधार पर ही इस प्रति के लिए 'पं०' संकेत रख लिया गया है।

यह प्रति भी पूर्ण और सुलिखित है।

(४) आ०—जिसकी पुष्पिका इस प्रकार है :—

।।२४७।। इति वीसलदेव रासः समाप्तः ।।

पुष्पिका में प्रतिलिपिकार आदि का कोई उल्लेख न होने के कारण इस प्रति के नामकरण के लिए भी पर्याप्त आधार न मिल सका। यह प्रति आठ पत्रों में ही पूरी हुई है, केवल इसी आधार पर इसे 'आ०' कहा गया।

छन्द ३२-६६ का पत्रा इसमें नही है, अन्यथा प्रति पूर्ण और सुलिखित है।

(५) चा०—जिसकी पुष्पिका इस प्रकार है :—

।।२४७।। इति वीसलदेव रास ।।

पुष्पिका के अपर्याप्त होने के कारण इस प्रति के नामकरण के लिए भी यथेष्ट आधार नहीं मिल सका। यह अत्यन्त छोटे अक्षरों में लिखी होने के

कारण केवल चार पत्रों में समाप्त हो गई है। केवल इसी के आधार पर इसे 'चा०' कहा गया है।

यह प्रति भी सर्वथा पूर्ण है, और सुलिखित है।

(६) की०—जिसकी पुष्पिका इस प्रकार है :—

।।२४८।। कई भुवण न देखुं रे रवितलइ।। इति श्री वीसलदेव रास समाप्तं।। संवत १७३७ वर्षे ज्येष्ठ सुदि १० दिने लिषितं पंडित कीर्त्तिविलास गणिना।। साध्वी राजलक्ष्मी तत् शिष्यणी सुमतिलक्ष्मी तत् शिष्यणी प्रेमलक्ष्मी पठनार्थम्।।

इस प्रति के लिपिकार का नाम 'की' से प्रारम्भ होता है, इसलिए इसका संकेत 'की०' रख दिया गया है।

यह प्रति भी पूर्ण है और सुलिखित है।

(७) पु०—जिसकी पुष्पिका है :—

।।२४६।। इति बीसलदेव रास समाप्तं।।

इस प्रति की पुष्पिका भी स्पष्टतः अपर्याप्त थी। इसको देखने पर ज्ञात हुआ कि इसके कुछ पन्ने एक प्रति के थे और शेष पन्ने दूसरे प्रति के थे—दोनों प्रतियाँ खंडित थी—और उन्हें मिला कर पुस्तक पूरी कर दी गई थी, यही कारण है कि १६वीं संख्या के इसमें दो पत्र हैं, इसी पुनरुद्धार के आधार पर इस प्रति का संकेत 'पु०' रक्खा गया है।

(८) ग्या०—जिसकी पुष्पिका का पन्ना नहीं है।

इस प्रति के केवल ग्यारह पन्ने शेष है, इन्हीं के आधार पर इसका संकेत 'ग्या०' रख दिया गया है।

यह प्रति भी अन्तिम पत्र के अतिरिक्त पूर्ण है, और सुलिखित है।

(९) र०—जिसकी पुष्पिका इस प्रकार है :—

।।२४८।। कै० भ०।। इति श्री सिङ्गार वर्णन बीसलदेव रास समाप्तं।।

(न. ५२.१); मनि>मति (न. ६२.४); कठन>कठत (न. १०५.७); नीसरइ>तीसरइ (न. ११८.३); नीगम्या>तीगम्या (न. १७०.३); जनोईय>जतोईय (न. १६१.१); तूनइ>तूतइ (न. २०३.२); न पीवइ>त पीवइ (न. १२६.२); सोनो>सोतो (न. १२५.५); पंडया नइ>पंड्या तइ (न. १६४.५) निरममा>तिरममा (न. २७२.३); न>त (न. २७३.४); नाह>ताह (न. ३१.३); मोहनी>मोहती (न.७.४)

प>य : पागार>यागार (न. १५७.६)

फ>भ : फेरइ>भेरइ (न. ८६.८)

भ>त : सभाउ>सताउ (न. २३६.२): भली>तली (न. ३०.१)

र>न : चीरी>चीनी (न. १४७.६)

ल>ज : लोवडी>जोवडी (न. ५४.२); सहेलिय>सहेजिय (न. १२७.१)

ल>स : वाल>वास (न. ४४.१)

श्र>अ : श्रावण>आवण (न. १५५.६)

स>त : सिरि>तिरि (न. १४८.४)

स>म : सेरी>मेरी (न. १८६.३)

ह>द : आहेडी>आदेजी (न. ४६.४); हे>दे (न. ५०.४); हेडाऊ>देडाऊ (न. ८८.७); (न. १२६.४); (न. १२६.५)

ा>ी : रसाइण>रसीइण (न. ५.१); (न. ७१.५), दाधा>दाधी (न.१४६.२); सापडइ>सीपडइ (न. ६२.३)

ी>ा : सीलवंती>सीलवंता (न. १६८.३); भतीजी>भतीजा (न. १३४.४); सीह>साह (न. २७.६); विरासी>विरासा (न. ४७.१); सोरठी>सोरठा (न. ११४.३); बांदी>बांदा (न. ११२.७); कोइली>कोइला (न. १६१.६); सीस>सास (न. २५४.२)

फलतः इस प्रति का उचित उपयोग पाठ-प्रमाद की उपर्युक्त प्रकार की संभावनाओं को यथेष्ट रूप से ध्यान में रखते हुए ही किया जा सकता था, और ऐसा ही किया भी गया है। इस संस्करण में न० का पाठ वही माना गया है जो पाठ-विकृति की इस स्थिति से पूर्व का रहा होगा—और इसलिए एक प्रकार से हम बहुत-कुछ न. के उस आदर्श का उपयोग करने में सफल हुए है जिसकी यह प्रतिलिपि है।

अ० समूह

इस समूह की तीन प्रतियाँ प्राप्त है।

(१२) अ०—जो श्री अगरचंद नाहटा द्वारा अंशतः स्वतः की हुई और अंशतः किसी अन्य से कराई हुई किसी प्राचीन प्रति की प्रतिलिपि है। इसके अंत मे कोई पुष्पिका नहीं है, इसलिए श्री अगरचंद नाहटा के नाम के पहले अक्षर को लेकर इसका संकेत 'अ०' रख लिया गया है।

यद्यपि यह भी आधुनिक प्रतिलिपि है, किन्तु इसमे उस प्रकार की भूलें नहीं है जैसी ऊपर श्री नरोत्तमदास स्वामी की प्रतिलिपि में पाई जाती है। नाहटा जी पहले स्वतः इस ग्रन्थ का संपादन करना चाहते थे। इसलिए इस पाठ को मूल में रखते हुए प्रति में ही उन्होने कुछ अन्य प्रतियों से पाठांतर लिखना प्रारम्भ किया था, किन्तु पीछे उसे छोड़ दिया। यह प्रति भी पूर्ण है, और सुलिखित है।

(१३) मो०—जिसकी पुष्पिका इस प्रकार है :—

।।३०६।। इति श्री बीसल देव चहुआण रास सपूर्ण।। संवत् १७५३ वर्षे ज्येष्ठ सुदि १५ चांद्रवारे श्री जेसलमेर दुर्गे पं० मोटा निलषतं।।

प्रतिलिपिकार के नाम के प्रथम अक्षर के आधार पर ही इस प्रति का संकेत 'मो०' रख लिया गया है।

यह प्रति भी पूर्ण और सुलिखित है।

(१४) ब०—जिसकी पुष्पिका इस प्रकार है :—

।।३१०।। इति श्री बीसल देव चहुआण रास संपूर्णः ।।ग्रंथाग्रंथ ६००।।

इस प्रति पर वद्रीदास म्युजियम का कागज लगा हुआ था। इसलिए अन्य आधार के अभाव में उसी के नाम के पहले अक्षर के अनुसार इस प्रति का संकेत 'व०' रख लिया गया है।

यह प्रति भी पूर्ण और सुलिखित है।

स० समूह

अन्य समूहों से भिन्न इस समूह का पाठ चार सर्गों या खंडों में विभक्त मिलता है। इस समूह की केवल दो प्रतियाँ मिली हैं।

(१५) स०—जो रचना का नागरी प्रचारिणी सभा काशी द्वारा प्रकाशित और श्री सत्यजीवन वर्मा द्वारा संपादित संस्करण है। संपादक के नाम के पहले अक्षर के अनुसार ही इस प्रति का संकेत 'स०' रख लिया गया है।

कहने की आवश्यकता नहीं कि यह प्रति पूर्ण है। इसकी भूमिका मे कहा गया है कि इसका पाठ सं० १६६९ की एक प्रति[1] की प्रतिलिपि तथा स० १९५९ की एक प्रति के आधार पर निर्धारित किया गया है। सपादित पाठ कहाँ तक किस प्रति के आधार पर पाठ निर्धारित हुआ है, इस वात का उल्लेख संपादक ने कहीं भी नही किया है। इतना ही ज्ञात होता है कि प्रयुक्त दोनों प्रतियाँ सं० समूह की ही थी—अन्यथा कदाचित् इस वात का उल्लेख संपादक करता कि कौन-से छंद किस प्रति में कम या अधिक थे।

केवल एक समूह की प्रतियों का आधार होने पर उसकी त्रुटियों का परिहार कठिन ही नही प्रायः असंभव हो जाता है। ऐसी परिस्थिति में संपादक ने त्रुटियाँ स्वतः ठीक करने का यत्न किया है। भूमिका में उसने लिखा है—"उसमें यत्र-तत्र जहाँ-कही मुझे कुछ शव्द छूटे हुए जान पड़े है, वहाँ मैंने उन्हे कोष्टक में दे दिया है। ग्रन्थ के छंद-क्रम मे मुझे अनेक स्थलो पर प्रसंग के अनुसार व्यतिक्रम करना पड़ा है, पर उसे ठीक करने मे मुझे संकोच करना पड़ा है कि कही ऐसा करते

---

१. ना.प्र. सभा द्वारा प्रकाशित १९०० के खोज-विवरण सू० ९० मे विद्याप्रचारिणी सभा, जयपुर की सं. १६६९ की प्रति का उल्लेख हुआ है, यह कदाचित् वही है।

समय ग्रन्थ का वास्तविक क्रम नष्ट न हो जाय। फिर भी एक-आध स्थलों पर मुझे विवश होकर पदों के एकाध चरणों को इधर-उधर करने पर विवश होना पड़ा है।"

यदि वर्मा जी ने दोनों प्रतियों के पाठांतर भी स्वीकृत पाठ की तुलना में टिप्पणियों मे दे दिए होते, तो यह संस्करण पाठ-निर्धारण में विशेष उपयोगी होता, और प्रयुक्त प्रतियों के अभाव में इस संस्करण का उपयोग करना यथेष्ट होता। फिर भी इस संस्करण का स्वीकृत पाठ एक विशेष समूह का ही है, जिसकी एक अन्य प्रति का उल्लेख नीचे किया जायेगा, और दो या अधिक शाखाओं के पाठों का मिश्रण उसमें नही हुआ है। यह बात स्वतः प्रकट हो जाती है, इसलिए पाठ-निर्धारण में इस प्रति का भी उपयोग यथेष्ट रूप से किया जा सका है।

किन्तु इस प्रति में उसी प्रकार का पाठ-प्रमाद है जिस प्रकार का हमने श्री नरोत्तमदास स्वामी की प्रति के सम्बन्ध में देखा है—यद्यपि कम है। कुछ इने-गिने उदाहरण नीचे दिए जा रहे हैं : इस समूह की उक्त अन्य और किंचित् उत्कृष्टतर प्रति प्राप्त हो जाने के कारण इस संस्करण के पाठ-प्रमाद के सम्बन्ध में विस्तार से जानने की उतनी आवश्यकता नहीं रह गई है जितनी न० के सम्बन्ध में हुई है, क्योंकि न० अपन समूह की एकमात्र प्राप्त प्रतिनिधि है :

च>व : चीरी>वीरी (स. ३. ९. ६)

छ>दु : छइ>दुइ (स. १. ५८. १)

छ>व : छइ>वइ (स. २. ४६. ५)

ठ>ढ : गोठ>गोढ (स. ३. ६०. ६)

ड>उ : लाड>लाउ (स. १. ६५. १)

ढ>ठ : ढोलिसं>ठोलिसुं (स. २. ३०.२)

द>व : चादर>चावर (स. ३. ६१. ३)

न>ठ : निवार>ठिवार (स. १. ६५. १)

प्र>ध : प्रवाली>धवाला (स. २. १२. ६)

भ>म : भूतो>मूती (स. २. ८०. ३)

ी>ा : वइठी>वइठा (स. १. ५८. १); प्रवाली>धवाला (स. २. १२. ६); कपिली>कपिला (स. २. २५. ६); जाणीयउ>जाणायउ (स.५. ५२. १)

(१६) प्र०—जिसकी पुष्पिका इस प्रकार है :—

।।४१।। इति श्री राजा वीसलदेव रास चतुर्थ खंड संपूर्ण ।।४।। संवत् १७२४ वर्षे मगसिर वदि १५।।

पुष्पिका में प्रतिलिपिकार आदि के विषय का कोई उल्लेख न होने के कारण इस प्रति के नामकरण के लिए भी पर्याप्त आधार न मिल सका। हिन्दी पाठक श्री सत्यजीवन वर्मा द्वारा संपादित पाठ से ही परिचित है, इसलिए उसे 'प्रचलित' पाठ कहा जा सकता है। किन्तु वह मुद्रित रूपांतर है, और कुछ न कुछ संपादक का भी उसके पाठ-निर्धारण में हाथ रहा है, इसीलिए उस समूह की इस प्रति को 'प्रचलित पाठ' मान कर इसके लिए 'प्र०' संकेत रख लिया गया है।

यह प्रति भी पूर्ण है.और सुलिखित है।

हर्ष की वात है कि प्रस्तुत संस्करण के लिए पॉच विभिन्न समूहों—या शाखाओं—की पर्याप्त प्रतियॉ प्राप्त हो गई। असभव नही कि और भी एकाध समूह—या शाखा— की प्रतियाँ आगे-पीछे प्राप्त हों; किन्तु पाठ-निर्धारण के लिये ये वहुत-कुछ पर्याप्त सिद्ध हुई है।

३. प्रतियों का पाठ-संगठन

संख्याओं का व्यतिक्रम निकाल देने पर विभिन्न प्रतियो में छंदो की स्थिति निम्नलिखित है : —

समूह	म०	पं०	र०	ना०	न०	अ०	प्र०	स०
समस्त समूहों के	११८	११८	११७	११८	११५	११८	११३	११४

	म०	पं०	र०	ना०	न०	अ०	प्र०	स०
पं०स०न०अ०[1]		६	१०	१०	१०	१०	१०	१०
म०पं०न०अ०	४३	४३	४२	४३	४३	४३		
म०न०अ०स०	२१				२१	२१	२१	२१
म०अ०स०	६					६	६	६
म०स०	३						३	३
म०न०अ०	५				५	५		
म०अ०	१					१		
पं०न०अ०		७४	७२	७४	७४	७४		
पं०अ०		३	३	३		३		
पं०न०[1]			१	१	१			
न०अ०					४	४		
प्र० स०							१४१	१४१
निजी			३	६	१	६		१६
योग	१६७	२४७	२४८	२५८	२७४	२६४	२६४	३१४

आगे हम देखेंगे कि म० पं० न० अ०, म० न० अ० स०, म० अ० स०, म० स०, म० न० अ०, म० अ०, पं०न०अ०, पं०अ०, पं०न०, न०अ० तथा प्र०स० में से प्रत्येक समुच्चय में पाठ की सामान्य विकृतियाँ पाई जाती है, केवल पं० स० न० अ० में कोई भी समान विकृतियाँ नहीं मिलती है, इसलिए यह प्रकट है कि पं०स०न०अ० के अतिरिक्त शेष समुच्चय पाठ-विकृति के है।

म० के छन्द १२४ तथा छन्द १२७ एक ही है, इसलिए प्रति में लिखित छन्द-संख्या में एक की वृद्धि हो गई है, और उसमे एक छन्द-संख्या की वृद्धि इसलिए हुई है कि म० ५५ की छन्द-संख्या छूट गई है। मू० ऊपर बताया जा चुका है कि अधूरी है, किन्तु जहाँ तक जाती है, म० के समान ही है।

१. इनमे से तीन छन्द ऐसे है जिनकी एकाध पक्तियाँ म० मे मिलती है। ये तीन छन्द है स्वीकृत २६, ४५, तथा ८६।

आ०, चा० की० और ग्या० मे पं० स० न० अ० के दसों छन्द है, अन्यथा वे पं० के समान ही हैं। पु० के सम्बन्ध में ऊपर वताया जा चुका है कि वह दो भिन्न-भिन्न खंडित प्रतियों को मिलाकर वनाई गई है जो इसी समूह की थी।

व० और मो० भी अ० के समान ही है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त किसी-किसी प्रति के एकाध छन्द-संख्या का अन्तर क्रम-संख्याएँ देने में भूल से हो गया है। एकाध प्रतियों मे एक दो छन्दो की पुनरावृत्ति से संख्या-वृद्धि हो गई है।

इस प्रकार ऊपर जो छन्द-संख्याएँ हमे विभिन्न प्रतियों की पुष्पिकाओं में मिली है, उनकी तुलना मे पं० तथा स० समूह की प्रतियों की वास्तविक छन्द-संख्या मे अन्तर नगण्य है, म० और न० समूहो में भी वह साधारण है। अ० समूह मे अपेक्षाकृत अधिक अन्तर का कारण यह है कि उसमें कुछ छन्द दो-दो छन्दांशों में विभक्त होकर पुनः नवीन पंक्तियों के योग से दो-दो स्वतन्त्र छन्दों मे परिवर्तित हो गए है, और अन्य समूहो की तुलना में इसमें छन्दो को पुनरावृत्ति भी कुछ अधिक हुई है।

४. प्रतियों के पाठ-सम्बन्ध-सूत्र

ऊपर हमारे प्रतियो के पाठ-सङ्गठन का लेखा लेते हुए देखा है कि जो छन्द समस्त समूहों में समान रूप से नहीं मिलते हैं वे विभिन्न समूहों समुच्चयों में मिलते है। इनमें से पं० स० न० अ० को छोड़ कर शेप सभी पाठ के विकृति-समुच्चय भी हैं, यह एक वड़े महत्व की वात है।

१. म० पं० न० अ०

(१) स्वीकृत ११६.५ का पाठ इनमे है :

कह्यउ हमारउ जइ सुणउ।

किन्तु यह स्वीकृत ०.५११ है, और इनमे भी वहाँ इस प्रकार है।

१. यह छन्द (परिशिष्ट का १५७) पं० की केवल र० तथा ना० प्रतियों और न० में पाया जाता है।

(२) म० ६५.६=पं० ७८.६ = न० ८५.६ = अ०८६.६ है :

म्हानं उलग जाण की परीय जगीस।

किन्तु यह स्वीकृत ६०.१ है, और इसमें भी वहाँ इस प्रकार है।

(३) म० १५.१ = पं० १७.१ = न० १६.१ = अ० २०.१ है;

पाइ कंकण सिरि तिलक दिपाइ।

किन्तु 'पाइ कंकण सिरि' स्वीकृत १५.१ में आता है :

पाइ कंकण सिरि बांधियउ मउड़।

और इनमें भी वहाँ इस प्रकार हैं।

(४) म० १७२.२, .३=पं० २०४.२, .३=न० २३८.२, .३ =अ० २६५.२, ३ है:

नै लाषा दीन्ही राजा कुलइ. कबाइ।

दीधउ सोनउ सोलहउ।

किन्तु सामान्य पाठान्तर के साथ ये पंक्तियाँ स्वीकृत ११.२, .३ है, और इनमें भी वहाँ इस प्रकार हैं।

(५) म० १७२.६ = पं० २०४.६ = न० २३८.६ = अ० २६५.६ है :

सिद्धि करउ बीसल चहुआण।

किन्तु यह पंक्ति अन्तिम शब्द के पाठान्तर के साथ म० १७३.६ = पं० २०३.६ = न० २३७.६ = अ० २६४.६ भी है।

(६) म० १७८.२ = पं० २०६.२ = न० २४३.२ = अ० २७०.२ है :

भगवा कापड़ महला बेसि।

कितु यह पुनः यथा म० १८४.२ = पं० २२०.२ = न० २५५.२ = अ० २८४.२ भी आई है।

(७) म० १७२.१ = पं० २०४.१ = न० २३८.१ = अ० २६५.१ है :

राजा सुं मिलियउ पूरब्यउ राउ।

कितु म० १७४.१ = पं० २०५.१ = न० २३६.१ = अ० २६६.१ भी यही है: केवल कुछ पाठ-भेद है।

४. म०स०

(१) म० १५५.४ = स० ३.५०.६ है :

देस उडीसा कउ परधान

किन्तु यह अन्य समस्त प्रतियों में यथा स्वीकृत १०६.२ है, और प्रसंग की दृष्टि से वही सार्थक लगती है।

(२) स्वीकृत १८.३ का पाठ म० स० में है :

मोतीयाँ का रे आपा पड़इ।

किन्तु यह स्वीकृत १७.३ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(३) स्वीकृत ८३.७ का पाठ इनमें हैं :

कह्यउ हमारउ जे सुणइ।

किन्तु यह स्वीकृत ५७.३ है और इनमें भी इस प्रकार है।

(४) स्वीकृत १२०.२ का पाठ इनमे है :

वाजित्र वाजिया नीसाणे घाउ।

किन्तु यह स्वीकृत २५.२ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(५) स्वीकृत १२०.१ का पाठ इनमें है :

हिव वारमइ वरस घरि आवतीयउ राउ।

किन्तु यह थोड़े से शव्दांतरों के साथ स्वीकृत १२३.१ है, केवल इस प्रति में उसका पाठ भिन्न है।

५. म० न० अ०

(१) म० २० = न० २६ = अ० २७ की .४ है :

काया सोपारी पाका जी पान।

किन्तु यह स्वीकृत १८.४ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(२) म० ४३/१ = न० ५४/१ = अ० ५६/१ में पाँच चरण है, म० ४३/२ = न० ५४/२ = अ० ५६/२ में छह चरण है — और दोनो मिला कर कुल ग्यारह

चरण हैं। इस ग्रन्थ मे कोई भी छंद विषम संख्याओं के चरणों का नहीं है। छंद के उत्तरार्द्ध के छह चरण छन्द-योजना की सामान्य प्रवृत्तियों के अनुसार पूर्णतः एक कडवक निर्मित करते है, और छंद के पूर्वार्द्ध के पॉच चरणों से भी, यदि एक चरण उनके अन्त में और होता, एक पूर्ण कडवक निर्मित होता। म० मे तो यह भूल प्रकट है, क्योंकि उक्त अंतिम पंक्ति के साथ छन्द की क्रम-संख्या ४२ भी उससे छूट गई है, और दोनो छन्द मिल कर एक हो गए हैं। न० और अ० में उक्त पंक्ति तो छूटी ही रही, किन्तु छन्द संख्या ठीक कर ली गई है।

(३) म० ४३/२ = न० ५४/२ = अ० ५६.२ की ३. है :

रूप अधिकी छइ मेदिनी

किन्तु यह स्वीकृति ३४.३ है और इनमें भी इस प्रकार है।

६. म० अ०

(१) म० ८१.८ = अ० ६२.७ है :

कह्यउ म्हारउ के करइ।

किन्तु यह स्वीकृत ११०.५ है, इनमें भी इस प्रकार है।

(२) म० ८१.५ = अ० ६२.५ है :

कोडि टका कउ नवसर हार।

किन्तु यह अन्यत्र म० १६६.६ = अ० २६१.४ भी है।

(३) म० १०६.६ = अ० १२६.६ है :

देस उडीसा कउ परधान।

किन्तु यह स्वीकृत १०६.२ है — केवल म० का पाठ वहाँ भिन्न है।

(४) म० १६३.३ = अ० २५५.३ हैं :

उलगाणा नय वेग चलाविज्यो।

किन्तु थोड़े पाठांतर के साथ यह स्वीकृत १०६.३ है और इनमें भी वहाँ इसी प्रकार है।

किन्तु प्रायः यही शव्दावली म० १२.८ की भी है, जो इनमें भी इस प्रकार है।

(१६) पं० १४६.४ का पाठ इनमें है :

एक रिसउ स्वामी घरि संभालि।

किन्तु प्रायः शव्दावली स्वीकृत ६३.४ की भी है, इनमें भी इस प्रकार है।

(१७) पं० १५७.२ का पाठ इनमें है :

तुम्हे उतरि जावउ समुंद कइ तीरि।

किन्तु प्रायः यही शव्दावली पं० १४६.२ की भी है, इनमें भी इस प्रकार है।

(१८) पं० १८३.२ का पाठ है :

भाणमती राणी ली छइ वोलाइ।

किन्तु यह स्वीकृत २०.२ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(१९) पं० ८७ = न० १११ = अ० ११७ है :

उलग जातां किम रहा नारि।
वोलिया वोल नइ चितह विचारि।
वोल्यउ पाल्या म्हे तउ आपणउ।
वइसि उगाहिस्या हीरा की षाणि।
मुहि विलपाणइ जिन रहइ।
म्हे तउ वइगा आविया देषे हे नारि।।

किन्तु ठीक यही छन्द पं० ६१ = न० ६७ = अ० ७१ भी है।

(२०) पं० ३५.१, .२ का पाठ है :

हुई पहिरावणी हरपियउ राव।
दीन्हा तेजीय कुलह कवाइ।

किन्तु यह क्रमशः स्वीकृत २५.१ तथा ११.२ हैं, और इनमें भी इस प्रकार हैं।

(२१) पं० अ० में स्वीकृत १०.२ तथा १०.३ के बीच मे और न० में स्वीकृत १०.२ के स्थान पर है :

बाजा रे बाजइ नीसाणे धाउ।

किन्तु यह स्वीकृत २५.२ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

८. पं० न०

(१) स्वीकृत ६.४, .५.६ का पाठ इनमें है :

मइमत हस्ती सहस अठार।

लाष तुरीय घरि पाषरया।

बर रे आणउ बीसल दे चहूआण।

किन्तु छन्द का जैसा संगठन ग्रन्थ भर में मिलता है, उसके अनुसार .४ और .६ का तुक मिलना चाहिए।

(२) स्वीकृत ४६.३ इनमें नहीं है, जिसके कारण इनमें कडवक केवल पॉच चरणों का रह गया है। किन्तु ग्रन्थ भर में छह चरणों से कम का कोई कडवक नही है।

(३) स्वीकृत ७७ इस प्रकार है :

भाद्रवइ बरसइ गुहिर गंभीर।

जल थल महियल सहु भरया नीर।

जांणि कि सायर ऊलटयउ।

निस अंधारीय वीज षिवाइ।

बादल धरती स्यउं मिल्या।

मूरष राउ न देषइ जी आइ।

हूँ ती गोसामी नइ एकली।

दुइ दुष नाह किउं सहणा जाइ।।

इन प्रतियों में उपर्युक्त .६, ..७ नही है। किन्तु .८ के 'दुइ दुष' से स्पष्ट है कि 'हूँ ती गोसामी, नइ एकली, प्रसंग में अनिवार्य है। इसलिए .६, .७ इन प्रतियों

मे भूल से छुटे हुए ज्ञात होते है।

(४) स्वीकृत १०४.५, .६ का पाठ इसमें है :

जइ तुम्हें राव जी नावीया।

तउ धण हीयडउ फाटि मरेसि।

किन्तु ये स्वीकृत १०५.५, .६ हैं, और इनमें भी इस प्रकार है।

(५) स्वीकृत ६५.४ का पाठ इनमें है :

सात सषी मिलि बैठी छइ आइ।

किन्तु यह स्वीकृत ६४.१ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

९. पं० अ०

(१) पं० ६२.८ = अ० १२३.८ है :

तुरीय डंकावइ संभरि राय।

किन्तु यह स्वीकृत ६६.६ है, और इसमें भी इस प्रकार है।

१०. न० अ०

(१) न० १०५.१, .२ = अ० ११०.१, .२ है :

जांहि के घर हरिणाषी हुवै नारि।

सो क्यउं ओलगै और का बारि।

(न०—ताह कउ नाह क्यउं उलग जाइ।)

किन्तु ये पंक्तियाँ अन्यत्र म० १२१.१, .२ = न० १६६.१, .२ = अ० १७५.१, .२ भी हैं और पाठ वहाँ प्रायः अ० का है।

(२) स्वीकृत ७६.६ का पाठ इनमे है :

उवा गात्र उघाड़ा हो बिकल सरीर।

किन्तु यह स्वीकृत ६३.६ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(३) निम्नलिखित पंक्तियाँ न०अ० में दो बार आती है : एक बार न० ५४/२ = अ ५६/२-५७ में, और पुनः न० ६१ = अ० ६५ में :

सगुण गुणवंतीय नइण बिसाल।

देषतां मानव चित हरइ।

मृगनइणी अर अवला जी बाल।

(४) न० १२०.३ = अ० १२८.३ है :

सोरठी झलकै काष में।

किन्तु यह पंक्ति अन्यत्र यथा न० १८४.३ = अ० १६७.७ है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त कुछ पाठ-विकृतियो से विभिन्न प्रतियों में पाठ-मिश्रण के भी प्रमाण मिलते हैं। इस पाठ-मिश्रण पर नीचे विचार किया जा रहा है।

११. म० न० अ० < म० + स०

(१) स्वीकृत १२५ है :

टसकला मुसकला मोनइ न सुहाइ।

धण कइ हियडलइ हाथ म लाइ।

लाज नहीं प्रीय निरमया।

म्हाकउ वारय तूं किउं ऊलगइं गाइ।

बालउ रे बैस न देषही।

हिवइ निगुणा नाह मोहि किसइ मेल्हाइ।

यह छंद म० न० अ० में भी है (म० १६५=न० २७२/१= अ० ३०२ केवल .५, .६ म० में नहीं है।

किन्तु म०न०अ० में यह पुनः यथा म० ७०= न० १०६= अ० ११२ आया है:

सकला मसकला मो न सुहाइ।

म्हारइ हियडलइ हाथ म लाइ।

म्हानइ मेल्हीय तुम्ह चालिस्यइ।

दुष तणउ मुझ को नही छेह।

देह सूकी नइ पिंजर हुई।

तुझ विण रात रोवतौ जाइ।

पडीय वरस मुझ होइस्यइ।

निठुर नाह अम्ह मूकि कि जाइ।

पं० के पाठ में यह ऊपर के प्रथम स्थान पर और स० की पाठ-परम्परा में यह ऊपर के दूसरे स्थान पर आता है। प्रसंग से यह प्रकट है कि यह छंद पुनर्मिलन के अनंतर ही आना चाहिए प्रवास के अवसर पर नही। इसलिए यहाँ भी म० की पाठ-परम्परा पर स० की पाठ-परम्परा का प्रभाव प्रकट है।

१२. म० अ० < म० + स०

(१) म० १६४ = अ० २५६ = स० ३.६१/१ है :

आणीया हाथीया सइ दुय च्यारि।

आणीया अरथ नइ द्रव्य भंडार।

आणीया हीरा पाथरी।

आणीय तेजीय तरल तोषार।

कवाइ पहिरावुं पाट की।

काल्हि चलाविस्यां एतीय वार।।

और म० १६५ = अ० २५६ = स० ३.६१/२ है :

ऊगउ सूर नइ हुअउ परभाति।

दीधा हाथीय सय दुय साथि।

दीधा हीरा पाथरी।

दीधा तेजीय मत्त गयन्द।

कवाइ पहिरावी पाट की।

राजा जी चालिस्यइ मास वसंत।।

स० में म० १६४ की .४, .५, .६ तथा म० १६५ की .१, .२, .३ नहीं है। किन्तु वे दोनों की .३ के अन्तसाम्य (Haplography) के कारण छूटी हुई ज्ञात होती है, क्योकि प्र० मे पाई जाती है।

यह दोनों छन्द एक ही (स्वीकृत ११०) हैं और थोड़े से शब्दान्तर के साथ

म० अ० में पुनः यथा म० १६७ = अ० २६३ आए हुए है। फलतः यह प्रकट है कि म० अ० में यह छन्द एक स्थान पर तो अपनी पाठ-परम्परा के कारण है, और शेष दो स्थानों पर स० की पाठ-परम्परा के प्रभाव से है।

१३. म०<म०+स०

(१) म० ८९ है :

चीरा लिषी धण आपणइ हाथ।
पंड्या हो चालि हेड़ाऊ कय साथि।
सात सउ कोस कउ गामंतरउ।
पंड्या रुडा चालिज्यो देस की सींव।
तावडउ गिणज्यो न छाहडी।
म्हारी चीरीय राषिज्यो जिउ थारउ जीव।।

म० में यह छन्द १३२ है, केवल इसके .३, .४ उसमें नही है।

किन्तु म० १४६ भी प्रायः यही है :

वाहुड़ धणह दिषालीय बाट।
ऊँचा परबत नीचा चाट। (तुलना स्वीकृत ६८.४)
लांबीय बांह दिषाली। (तुलना इसी छन्द की .१)
नइ देखतां जो जो देस की सीम।
छांहडी तावडउ मत गिणइ।
चीरीय रापजो जिम थायउ जीव।।

इन दो छन्दों में से म० ८९ का पाठ पं० परम्परा मे मिलता है और अंशतः स० परम्परा में भी, किन्तु म० १४६ का पाठ केवल स० परम्परा मे मिलता है। इससे ज्ञात होता है म० ८९ अपनी मूल परम्परा के अनुसार है, और म० १४६ स० परम्परा के प्रभाव से आया है। स० पाठ स्पष्टतः अशुद्ध है, इसलिए यह साम्य म० और स० का परस्पर विकृति-सम्बन्ध स्थापित करता है।

१४. पं०<पं०+म०

(१) स्वीकृत ११८=पं० २२६=न० २६०=अ० २८६ है :

जोगीयां कीनु कहइ हो वात।
भंइसि कउ दहीय नइ धीअरु भात।
दूध कटोरइ पाइसुं।
आछा चावल घणीय निवात।
सुसतड जीमेवीरा जोगिया।
हंसि हंसि कहउ तुम्हारा प्रीय की वात।।

और पं० २२७= न० २६१= अ० २९० का पूर्वार्द्ध है :

हिव कूल्हडउ दूध नइ सीयलउ भात।
चापडउ दहीय नइ ऊन्हउ जी भात।
मल्हि मल्हि आज परुसिस्या।
उणिनइ दूध कटोरइ घणीय निवात।
आंगण वइसि जिमाडियउ।
तस हंसि हंसि कहि म्हारा प्रीय तणी वात।।

दोनो छन्द प्रायः एक ही है —न केवल दोनों का आशय एक है वरन् शब्दावली भी प्रायः एक ही है—और दोनों छन्द पं० समूह में लगातार आते हैं। म० और स० में ऐसा नही है। स० में इनमें से प्रायः पं० २२६ के पाठ का छन्द है और म० में पं० २२७ के पाठ का। इसलिए यह प्रकट है कि पं० में यह पुनरावृत्ति वर्त्तमान म० अथवा स० के किसी पूर्वज के प्रभाव से हुई। म० और स० मे से स० की अपेक्षाकृत म० से पाठ-साम्य इन दो छन्दों में अधिक है, इसलिए म० के किसी पूर्वज का प्रभाव पं० न० अ० पर प्रकट है।

ग्या० में पं० २२७ नहीं है, पं० समूह की शेष सभी प्रतियों मे दोनों छन्द हैं।

१५. न० अ०<म०+पं०

(१) स्वीकृत ४२ का पाठ म० में इस प्रकार है :

चालियउ उलगाणउ धण जाण न देइ।
मो नइ मारि कइ सरि साथा लेइ।
अंचल ग्रहि धण इम कहइ।
नयण दो इलै नइ मो मारि।
जोबन बन भरि नारि तइ।
जीवतो न छोडउं स्वामी थारउ हो कोउ।
उलग जातउ तू कइ मुगछ होउ।।

पं० में इस म० पाठ की केवल प्रथम तीन पंक्तियाँ हैं, शेष चार पंक्तियों के स्थान पर उसमें निम्नलिखित तीन मात्र है :

दुइ दुष सालप्र हो सामीय सांझ।
जोबन मुरडीय मारिस्या।
रोस किसउ जइ साधण बांझ।

न० अ० में स्वीकृत ४२ के स्थान पर दो विभिन्न छन्द दो स्थानों पर आते हैं : न० १०७ = अ० ११३ तथा न० ७२ = अ० ७६; और इनमें से न० १०७ = अ० ११३ म० पाठ का है, और न० ७२ = ७६ पं० पाठ का है।

(२) स्वीकृत ३३.४, .५, .६ का पाठ म० में है :

चतुर माणस राजा भोज की धार।
कामणी जैसलमेर री।
लूगडउ चोपडउ गढ़ ग्वालेर।

इन पंक्तियों का पाठ पं० में है :

अति चतुराई गढ़ ग्वालेर।
कामणी जैसलमेर री।
पुरिस भला स्वामी गढ़ अजमेरि।

न० में पाठ पूर्णतः म० का है, केवल उसके अनंतर पं० पाठ की अंतिम पंक्ति रख दी गई है।

अ० में भी पाठ पूर्णतः म० का है, केवल निम्नलिखित पंक्ति –

किह खंड कोइ सराहिजै।

और रख कर पं० पाठ की अंतिम पंक्ति तव रखी गई है।

(३) स्वीकृत ५४ का पाठ म० में है :

.१ पंडिया कहियइ दामोदर प्रीय तणी वात
.२ केहउ रे थावर के उ रे राह।
.३ नित नित चालउ चालउ करइ।
.४ आठमउ थावर वारमउ राह।
.५ ग्रह गणि तिथि मंदा कह्या।
.६ छोड़ि नइ गोरडी प्रीय तणी वात।

और पं० में है :

.१ आणि दमोदर प्रीय समझाय।
.२ ग्रह कौ पीडयउ ऊलग जाइ।
.३ विण दोपइ ग्रह पीडियउ।
.४ उण नइ आठमउ थावर वारमउ राह।
.५ ऊमीय मेल्हि उलग चालियउ।
.६ रोवती छाँडि धण चालियउ नाह।

न० में आठ पंक्तियाँ हैं जो इस प्रकार हैं : पं० .१, पं० .२, म० .२, पं० .४, म० .५, म० .६, पं० .५, पं० .६।

अ० में दस पंक्तियां हैं, जिनमें से आठ तो उपर्युक्त न० की ही है, शेप दो म० .३, म० .४ हैं—अर्थात् इसमें भी दोनों पाठों को मिला दिया गया है, केवल इसमें म० .१ तथा पं० .३ नहीं है।

१६. अ०<म०+पं०

(१) स्वीकृत ११३ का पाठ म० में है :

.१ जोगी कहइ एक गोरखनाथ।

.२ कमल पदमासण दूध का हाथ।

.३ मूँगफली जिसी आंगुली।

.४ एतउ अहर प्रबालीय बदन मयंक।

.५ बोलती बोलय धण कालरी।

.६ ससि वदनी धण चीता कय लंकि।।

पं० में उपर्युक्त म० .४, .६ के स्थान पर है :

उणिरा कठिन पयउहर काजली रेह।

उणरइ सोवन चूडली झलकइ आथि।

और निम्नलिखित पंक्तियाँ पं० में यथा .७, .८ है :

चूडि कहइ कइ चूडलो।

थे तउ चोरी देज्यो तिणि धण कइ हाथ।

अ० में एक छंद—२७४ पूर्ण रूप से म० का उपर्युक्त पाठ देता है, और एक अन्य छंद २७५, जो निम्नलिखित है, पं० का मिश्रित पाठ देता है :

.१ राउ कहइ सुणउ गोरखनाथ।

.२ रतन कचोलउ छइ मूंध कै हाथ।

.३ ख्याल धणउ गोरी मोरीयां।

.४ उणि रे कठिन [पयउहर] काजली रेह।

.५ मीठो थोडौ गोरी बोलिहै।

.६ म्हाकुं चित्त न बिसरइ जी नवलह नेह।

.७ सोवन चूडै सोहती।

.८ सात सषी तणै नित रहइ साथि।

.९ सहस त्रीयां माहि जाणियै।

.१० म्हाकी चीरी देज्यो तिण धण हाथि।।

इस छन्द की .२, .४, .७, .१० क्रमशः पं० पाठ की .२, .४, .६, .८ हैं।

(२) स्वीकृत २७ .५, .६ का पाठ म० में है :

कइ लेष्यउ लाधउ विह तणउ।

राजा भोज की चउरी चढथा जाइ।

इसके स्थान पर पं० का पाठ है :

चउरी चढथउ राजा भोज की।

वडा वडेरा मेल्या करतार।

अ० के पाठ में पं० पाठ की दोनों पंक्तियाँ और म० पाठ की .५ है, केवल म० .६ के स्थान पर है :

मन को वांछित पाएउ अपार।

(३) स्वीकृत ११७.६ का पाठ म० में है :

तिण विन वउलावीया वारह मास।

इसके स्थान पर पं० में है :

हिवइ ताह स्युं हुवा चीरी विवहार।

अ० में दोनों पाठों की पंक्तियाँ है, इसलिए कडवक में कुल छः के स्थान पर सात चरण हो गए हैं जो ग्रन्थ की छंद-योजना के विरुद्ध है।

(४) स्वीकृत ६४.४ का पाठ म० में है :

वलि वलि वइसइ छइ राजकुमारि।

पं० में इसका पाठ है :

भोली तोथी भलीय दवदंती हे नारि।

अ० में दोनों पाठों की पंक्तियाँ है।

(५) स्वीकृत ५८ का पाठ म० में है :

साधण ऊभी रे प्रउलि दुवारि

रतन जडित सिरि तिलक निलाडि।

जाल जालंषी गोरडी।

सोना की पाइल झलकइ छइ पाइ।

रतन जडित सिरि राषडी।
तेह नइ नाह कउ ऊलग जाइ।

और पं० परम्परा का पाठ है :

साधण ऊभी छइ टेकि पगार।
कडिह पटोली चूनडी सार।
काने हो कुन्डल झिममिगइ।
पागा हो पाइल षरीय सुचंग।
हीरा जडित माथंइ राषडी।
मोनइ सरब गर्ति बीसरी थारी चीत।
राति दिवस चलि चलि करउ।
स्वामी था धरि छइ राजा किसी इह रीति।

अ० में इस विषय के दो कडवक हैं :-अ० १०६, तथा अ० ११०। अ० १०६ म० पाठ का है— केवल उसमें म० की .३ नही औरतीन अन्य पक्तियॉ भी है। अ० ११० पं० पाठ का है—केवल पं० पाठ की प्रथम पॉच पंक्तियो के स्थान पर उसमें भिन्न पंक्तियॉ है।

(६) म० ५३ है :

चालउ उलगाणउ लेइ छइ सउण।
राजा नइ चालतां वरजस्यइ कउण।
सात वरस आगे रही।
चीरी देइ नवि मोकल्यु कोइ।
हिवइ कइं गोरी तपइ।
इसीय बातां नहु जुगतीय न होइ।।

और पं० ७१ है :

जइ धण मरसी गंग माहे जाइ।
ऊलग जातां जी तो न रहाइ।
इसा बचन किम वोलिजइ।

मरस्या जे निकुलीणी नारि।
तुं तउ कुलवंती किम मरइ।
एतउ झोर भिसि छोड़ी है नारि।।

अ० ८१ में प्रथम पाँच पं० ७१ की हैं, और .६, .७, .८ हैं :

मइं नवि छोड़ी तू चितड उतारि।
इवइ गोरडी तू तपै।
अजुगती वात न वोलीय नारि।

अ० .६ पं० .६ से तुलनीय है, और अ० .७, .८ स्पष्ट ही म० .५, .६ हैं।

(७) म० १०६ है :

राणी सं कोक्या संपूरण रिणवास।
वंदिडी सरस वोलावीया दास।
कोक्या पंच महाजना।
तिलक संजोइ ए दीधउ छइ मान।
एक अंतेउर वाहिरउ।
देस उडीसा कउ परधान।।

पं० ११७ है :

तठइ राणी जी सरव कोक्या रिणवास।
तिलक संजोइ नइ दीधउ जी ग्रास।
छानउ पूरव्या राइ थी।
राणी भाई कीधउ राय चहुआण।

अ० में इस आशय के दो कडवक हैं—अ० १२६ जो म० पाठ का है, और अ० १५३ जो पं० पाठ का है।

१७. अ०<म०+न०

(१) स्वीकृत १७. २ का पाठ म० तथा न० में क्रमशः है :

म० सात सपी मिलि कलस वंधाइ।
न० सरव सोहागिणि कौतुग जाइ।

अ० में दोनों पाठों की पंक्तियाँ हैं, इसीलिए कडवक में एक पंक्ति बढ़ गई है। यह ध्यान देने योग्य है कि उपर्युत दोनों पाठ इन प्रतियों के अतिरिक्त अन्यत्र पूर्णतः नहीं मिलते—स० समूह का पाठ म० के निकट है, और पं० समूह का न० के निकट है।

समूहों की प्रतियाँ अपने समूह के अन्तर्गत एक दूसरे के कितना निकट है यह नीचे के विवेचन से प्रकट होगा।

१८. म० समूह की प्रतियाँ

म० समूह की दोनो प्रतियों में वे विकृतियाँ तो पाई ही जाती हैं जिनका उल्लेख म० के सम्बन्ध-सूत्र से ऊपर हो चुका है, निम्नलिखित विकृतियाँ और भी उनकी आत्यंतिक सन्निकटता प्रमाणित करती है :

(१) दोनो में म० ११.१ है :

दीन्ही सोपारीय हरषीयउ राय।

किन्तु यह स्वीकृत १०.१ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(२) दोनो में स्वीकृत १७.५, .६ नहीं हैं।

(३) दोनों में १६.६ है :

पालषी परदल अंत न छेह।

किन्तु यह स्वीकृत १३.६ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(४) दोनों में म० १७.४, .५, .६ हैं :

बाजा-बाजइ-घुरइ नीसाण।

राजा आवीयउ परणिवा।

षेहाडंबर तिहां छाइयउ भाण।

किन्तु ये पंक्तियाँ स्वीकृत १५.४, .५, .६ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(५) दोनों मे स्वीकृत १९.६ है :

दीन्हो अरथ नइ गरथ भंडार।

किन्तु यह स्वीकृत २०.४ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(६) दोनों में स्वीकृत २१.४, .५ हैं :

दीन्हो अरथ नइ गरथ भंडार।

दीन्हो छइ देस सवालपउ।

किन्तु यह स्वीकृत २०. ४, .५ है, और इनमे भी इस प्रकार है।

(७) दोनों में स्वीकृत २७.२ का पाठ है :

वाजा जी वाजइ नीसाणे घाउ।

किन्तु यह स्वीकृत २५.२ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

म० केवल ३८ छन्द तक है, और उपर्युक्त विकृति-साम्य के स्थल केवल इन्हीं ३८ छन्दों तक के है। इसी से दोनों के प्रतिलिपि-सम्वन्ध की सन्निकटता का अनुमान किया जा सकता है।

१६. पं० समूह की प्रतियाँ

पं० समूह की समस्त प्रतियो में वे विकृतियाँ पाई जाती है जिनका उल्लेख पं० के सम्वन्ध-सूत्र से ऊपर हो चुका है। विकृति-साम्य के और अधिक उदाहरण इस समूह के सम्वन्ध मे देना अनावश्यक होगा।

केवल ग्या० इस प्रसंग में उल्लेखनीय है, क्योंकि वह कहीं-कहीं अपने समूह से भिन्न और म० समूह से प्रभावित पाठ देती है :

(१) स्वीकृत ११८ = पं० २२६ तथा तं० २२६/१ प्रायः एक ही छन्द हैं, और यह पुनरावृत्ति पं० समूह भर मे पाई जाती है, केवल ग्या० इसका अपवाद है।

(२) निम्नलिखित पंक्ति पं० समूह में दो वार आती है : एक वार यथा स्वीकृत ८६.२, तथा पुनः यथा पं० २२७/२.२ के रूप में :

तइं मोनइ दीधी थी जीमणी वांह।

किन्तु ग्या० मे यह पुनरावृत्ति नही है।

(३) म० ७६ का पाठ पं० समूह भर में भिन्न हैं, किन्तु ग्या० मे वह म० जैसा ही है।

(४) स्वीकृत २०.२ का पाठ म० में है।

सयल अंतेउर लीयउ रे बुलाइ।

और पं० समूह में है :

भाणमती राणी कुमरि की माइ।

ग्या० में दोनों पाठों की पंक्तियॉ है, इसीलिए उसमें इस कडवक में एक पंक्ति अतिरिक्त हो गई है।

(५) स्वीकृत ६२.३, .४, .५ इन (म० ग्या०) में हैं :

छंडिया चौबारा चौषंडी।

छंडया हो संइभरि नागरचाल।

छोडयउ देस सवालषउ।

किन्तु ये क्रमशः स्वीकृत ६७.३, २०.६, ३८.५ है, और इनमे भी इस प्रकार है।

२०. अ० समूह की प्रतियाँ

अ० समूह की तीनों प्रतियों में वे विकृतियॉ पाई जाती है जिनका उल्लेख ऊपर अ० के सम्बन्ध-सूत्र से हो चुका है। विकृति-साम्य के और अधिक उदाहरण देना यहॉ अनावश्यक होगा। केवल एक और विकृति-साम्य का उल्लेख यथेष्ट होगा।

(५) म० १२८ अ० में अ० १७६ तथा अ० १६० के रूप में दो बार आया हुआ है। इन अन्य प्रतियों में भी यह पुनरावृत्ति इस प्रकार मिलती है।

२१. स० समूह की प्रतियाँ

प्र० स० में वे विकृतियॉ तो पाई ही जाती है जिनका उल्लेख ऊपर स० के सम्वन्ध-सूत्र से हो चुका है। उनके अतिरिक्त भी बहुतेरी पाई जाती है। केवल निम्नलिखित का उल्लेख यथेष्ट होगा।

(१) स्वीकृत १७ इनमें इस प्रकार है :

तोरण आवियो वीसलराय।
पंच सखी मिल देखवा जाय (कलस वंदावि—स०)।
मोतीयां का आपा हूया (किया—स०)।
कुंकुं कंदन तिलक सिंदूर
अवली सवली आरती।
जाणे कि तोरण उगियो सूर।।

किन्तु यही छंद दो वार अन्यत्र भी थोड़े से शव्दांतर के साथ इन प्रतियों मे इस प्रकार आता है।

स० १. २६=प्र. १.२६ है :

परणवा चालियो वीसलराय।
पंच सपी मिलि कलस वंधाय (वंदावि—स०)।
मोतियाँ का आपा हूया (किया—स०)।
कुंकुं चंदन पाका पान।
अवली सवली आरती।
जाइ वधेरै दीयो मेल्हाण।। (तुलना स० १. ३०. १.)

स० १.४८=प्र० १.४५ है :

धार नगरी आव्यौ वीसलराय।
पंच सपी मिलि देपिवा जाय।
मोती थाल भराविया।
माहि वीजोरउ तिलक सिदूर।
अवली सवली आरती।
जाणि प्रत्यक्ष उगियो सूर।।

(२) स्वीकृत १५.४, .५ का पाठ इनमें इस प्रकार है :

व्राह्मण उचरइ वेद पुराण।
मंगल गावई कामनी।

किन्तु यह स्वीकृति १४. २, ३ हैं, और इनमें भी इस प्रकार है।

(३) स्वीकृत २५. ३ का पाठ इनमें है :

चौरी चढ़ियो राजा भोज की।

किन्तु यह स्वीकृत २७. ६ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(४) स्वीकृत ४४. ७ का पाठ इनमे है :

कह्यउ हमारउ जइ सुणइ।

किन्तु यह स्वीकृति ५७. ३ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(क) स्वीकृत ५०. १ का पाठ इनमें है :

पंच सषी मिलि बैठी छइ आइ।

किन्तु यह स्वीकृत ५२.१ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(६) स्वीकृत ८७.५ तथा स्वीकृत १०५.५ का पाठ इनमें हैं:

एक सरां धरि आवजू।

किन्तु य स्वीकृत ६३.३ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(७) स्वीकृत १०५.५, .६ का पाठ इनमें हैं :

चढ़तो जोबन किहां लहेस।

किन्तु यह स्वीकृत १०४.६ है, केवल स्वीकृत १०४.६ का पाठ इनमें भिन्न है।

(८) स्वीकृत १२२.४ का पाठ इनमे है :

कूंकूं चंदन तिलक (सिरह—स०) सिन्दूर।

किन्तु यह स्वीकृत १७.४ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(९) स्वीकृत १२५. ४ का पाठ इनमें है :

निगुणी राजा थारौ किसौ बेसास।

किन्तु यह स्वीकृत ४५. २ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(१०) स० ३. ६३=प्र० ३. ६१ की .३ है :

उलिगाणउ घरि चालीयौ।

किन्तु यह स्वीकृत १०६.३ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(११) स० १. १३. ५=प्र० १. १०. ५ है :

बेटी राजा भोज की।

किन्तु यह स्वीकृत ८. ५ है, ओर इनमें भी इस प्रकार है।

(१२) स० १. २०. ६=प्र० १. २०.६ है :

राजमती दीया (दीई—स०) वीसलराय।

किन्तु यह स्वीकृत ८.६ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(१३) निम्नलिखित पंक्ति अन्य स्थानों के अतिरिक्त निम्नलिखित स्थानों पर भी इन प्रतियों में आई है :

वाजित्र वाजइ नीसाणे धाइ।

स० १. २१. २=प्र० १. २१. २

स० १. २५. २=प्र० १. २५. २

स० ३. ६७. २=प्र० ३. ६५. २

स० ४. २६. २=प्र० ४. २५. १

स० ४. ३५. १=प्र० ४. ३४. १

स० ४. ३६. २=प्र० ४. ३५. २

किन्तु यह स्वीकृत १२०. २ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(१४) स० १. ३३. ५ = प्र० १. ३३. ५ और

स० ४. १३. ४ = प्र० ४. १३. ३ है :

मेघाडंबर सिरि छाहीयो (छत्र दीयो राय—स० ४.१३.४)।

किन्तु यह स्वीकृत १४.५ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(१५) स० १. ३७. १,. २ = प्र० १. ३७. १, .२ और

स० १. ५१. १,. २ = प्र० १.४८. १. २ है :

देस मालागिर हूयो उछाह।

राजमती को रच्यो वीवाह।

किन्तु यह पंक्तियाँ स्वीकृत १६. १, २ है, और इनमें भी इस प्रकार हैं।

(१६) स०१.५०.६ = प्र० १.४७.६ है :

तोरण आवीयौ बीसलराय।

किन्तु यह स्वीकृत १७.१ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(१७) स० १६.५.६=प्र० १.५५.६ है :

जइ घरि आवी जाति पमारि।

किन्तु यह स्वीकृत १०.६ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(१८) स० १.७७.६=प्र० १.७३.६ है :

राजमती रंग (रमै—प्र०) बीसलराय।

किन्तु यह स्वीकृत ८.६ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(१६) स० २.१३.२=प्र० २.१०.२ है :

काई स्वामी तुं ओलग जाइ।

किन्तु थोड़े अंतर के साथ यह स्वीकृत ३७.१ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(२०) निम्नलिखित पंक्ति इन प्रतियों में अन्य स्थानों के अतिरिक्त निम्नलिखित स्थानों पर भी आई है :

कह्यउ हमारउ जउ सुणइ।

स० २.१६.३=प्र० २.१५.३,

स० २.२३.३=प्र० २.२२.३,

स० २.१४.३=प्र० २.१३.३,

स० २.२८.३=प्र० २.२५.३,

स० २.६६.५=प्र० २.६३.५।

किन्तु यह स्वीकृत ५७.३ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(२१) स० २.२४.४=प्र० २.२३.४ है :

पांडया हूँ थारी गुण केरी दास।

किन्तु यह स्वीकृत ५५.१ है, और इनमे भी इस प्रकार है।

[प्र० २.२३ में स० २.२४ तथा स० २.२५ की पंक्तियाँ मिल गई है, कारण यह है कि स० २.२४.४ तथा स० २.२५.१ में पाठ-साम्य के कारण प्रतिलिपिकार वीच की पंक्तियों को छोड़कर आगे वढ़ गया।]

(२२) स० ३.६१.३= प्र० ३.८६.३ है :

केलि गरभ जिसी कूंवली।

किन्तु यह स्वीकृत १२८.३ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(२३) निम्नलिखित पंक्ति इनमें अन्य स्थानो के अतिरिक्त निम्न स्थानों पर भी आई है ;

कर जोडी नरपति कहइ।

स० १.१०.३ = प्र० १.८/१.३,

स० १.१२.५ = प्र० १.६/२.५,

स० ४.१.३ = प्र० ४.१.३।

किन्तु यह स्वीकृत १.५ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(२४) स० ४.१०.१,२ = प्र० ४.१०.१,२ है :

व्राह्मण राजन कियो परवेस।

लेइ वीजोरौ मिल्यो नरेस।

किन्तु यह स्वीकृत १०३.१,.२ हैं, और इनमे भी इस प्रकार हैं।

(२५) स० ४.२४.२ = प्र० २३.४.२ तथा

स० ४.४२.२ = प्र० ४.४०.२ है :

गोकल माहै जिसो (सोहै—स०) गौव्यंद।

किन्तु यह स्वीकृत १६.६ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(२६) स० १.२६.६ = प्र० १.२६.६ है :

जाइ वघेरैं दीयो मेल्हाण।

किन्तु यह स्वीकृत १४.१ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(२७) स० ४.३१.७=प्र० ४.३०.७ है :

मोतीयां का आषा हूया (किया—स०)।

किन्तु यह स्वीकृत १७.३ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(२८) स० ४.३६.३ =प्र० ४.३५.३ है :

गढ माहि गूड़ी ऊछली।

किन्तु यह स्वीकृत १२०.३ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(२९) स० ४.३७.५=प्र० ४.३६.५ है :

राजा राणी सूं मीलइ (मिल्यो—प्र०)।

किन्तु यह स्वीकृत १२८.५ है, और इनमे भी इस प्रकार है।

(३०) स्वीकृत ११४ का जो पाठ इनमें है, उसमें .२ छूटी हुई हैं। शेष समस्त प्रतियों में तो यह पंक्ति है ही, छन्द-योजना तथा प्रसंग की दृष्टि से भी यह पंक्ति अनिवार्य है।

निम्नलिखित पंक्तियाँ इनमें दो बार आती है :

(३१) पालीय परगह अन्त न पार।

यथा स० १.३२.४ = प्र० १.३२.४ तथा स० १.३४.४=प्र० १.३४.४।

(३२) धार नगरी चाल्यो बीसलराय।

यथा स० १.४८.१ = प्र० १.४५.१ तथा स० १.५०.१=प्र० १.७४.१ में।

(३३) राव कहइ सुणि राजकुमारि।

दूमनी काई होंयडइ बर नारि।

यथा स० २.२३.१, .२=प्र० २.२२.१,.२ तथा स० २.१४.१,.२ = प्र० २.१३.१,.२।

(३४) नाल्ह-रसायण नर भणइ।

यथा स० २.८५.३=प्र० २.७८.३, तथा स० २.८६.३=प्र० २.७६.३।

३५. प्रोहित जोवै प्रोलि पगार।

यथा स० ३.४५.६ = प्र० ३.४२.६ तथा स० ४.४६.२ = प्र० ३.४३.१।

(३६) राम दीसइ जिसो पूनम चन्द।

यथा स० ४.२६.६=प्र० ४.२५.६ = तथा स० ४.२४.१=प्र० ४.२३.१।

(३७) राइ बदन जिसो पूनिम (पूरण—स०) चन्द।

यथा सं० ४.२४.६=प्र० ४.२३.४ तथा स० ४.२४.१=प्र० ४.२३.१

[और ऊपर का (३६) भी उसके साथ लिया जाइ तो यह पुनरावृत्ति चार वार होती है।]

निम्नलिखित पंक्तियाँ इनमें चार वार आती हैं :

(३८) मेल्ही चादर वैसणइ :

यथा स० २.८४.५=प्र० २.७७.५,

स० २.८३.५=प्र० २.७६.५,

स० ३.४८.३=प्र० ३.४५.३,

स० ३.६१.३=प्र० ३.५७.३

(३९) देवीयो वेदीयो चोगणो मान।

यथा स० २.८३.४=प्र० २.७६.४,

स० २.४८.२=प्र० २.४६.२,

स० ३.५०.४=प्र० ३.४७.४,

स० ३.६१.२=प्र० ३.५७.२।

५. प्रतियों का पाठ-सम्बन्ध

ऊपर-पाठ सम्बन्ध के जो सूत्र सामने आए हैं, उनके आधार पर विभिन्न प्रतियों के पाठ-सम्बन्ध को इस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है :

ऊपर हमने प्रतियो का जो पाठ-सङ्गठन देखा है, वह भी इस पाठ-सम्वन्ध से होता है।

६. पाठ-निर्धारण

उपर्युक्त पाठ-सम्बन्ध के आधार पर हम पाठ-निर्धारण के विषय में इन निष्कर्षों पर पहुॅचते है :—

(१) अ०व०मो० अर्थात् अ०समूह म० तथा पं० समूहों के पूर्ण मिश्रण का परिणाम है, इसलिए पं० तथा म० समूह की विद्यमानता में संपादन में उसका

आधार न ग्रहण करना चाहिए क्योंकि उसके मूल उपादान म० समूह और पं० समूह प्राप्त हैं।

(२) इसी प्रकार न० पाठ पं० समूह के साथ म० समूह के किसी पूर्वज के मिश्रण का परिणाम है, इसलिए पं० तथा म० समूहों की विद्यमानता में संपादन में इसका आधार भी न ग्रहण करना चाहिए।

(३) ग्या० पाठ पर म० के किसी पूर्वज का प्रभाव स्पष्ट है, इसलिए पं० समूह का वह शुद्ध प्रतिनिधि नहीं माना जा सकता। पं० समूह का पाठ निर्धारित करने के लिए उस समूह की शेष प्रतियों का ही आश्रय लेना होगा।

(४) म० समूह का पाठ उक्त समूह की प्रतियों से निर्धारित होगा।

(५) इसी प्रकार स० समूह का पाठ उक्त समूह की प्रतियों से निर्धारित होगा।

(६) पं० समूह का पाठ म० समूह के किसी पूर्वज का ऋणी है, इसलिए अन्य कारणों के अभाव में इन दोनों सापेक्ष समूहों का पाठ-साम्य मात्र पाठ की प्रामाणिकता के लिए निर्णयात्मक नही हो सकेगा।

(७) म० समूह का पाठ स० समूह के किसी पूर्वज का ऋणी है, इसलिए अन्य कारणों के अभाव में इन दोनों सापेक्ष समूहों का पाठ-साम्य मात्र पाठ की प्रामाणिकता के लिए निश्चयात्मक नहीं हो सकता।

(८) पं० समूह का पाठ स० समूह का अथवा उसके किसी पूर्वज का ऋणी नहीं है, इसलिए इन दोनों समूहों का पाठ - साम्य मात्र पाठ की प्रामाणिकता के लिए साधारणतः प्रामाणिकता माना जाना चाहिए।

(९) जिन विषयों में म० पं० तथा स० तीनों समूहों में पाठ-साम्य है, उनकी प्रामाणिकता स्वतः सिद्ध मानी जानी चाहिए।

(१०) जिन विषयों में म० तथा पं० समूह एकमत हों, और स० भिन्न हो, अथवा म० तथा स० समूह एकमत हों और पं० समूह भिन्न मत का हो, उन

विषयो में शेष समस्त वाह्य और अन्तरंग संभावनाओं के साक्ष्य से ही पाठ-निर्णय करना चाहिए।

कहने की आवश्यकता नहीं कि इन्ही सिद्धान्तों के आधार पर ग्रंथ का संपादन किया गया है। इस संस्करण में कुल १२८ छंदों को प्रामाणिक मान कर उपर्युक्त प्रकार से उनका संपादन किया गया है। इन १२८ छंदों में से १०८ तो ऐसे है जो खंडित प्रतियों के खंडित अंशो को छोड़कर न केवल संमस्त समूहों बल्कि प्रत्येक समूह की समस्त प्रतियों में मिलते है। पुनः संलग्न तालिका से ज्ञात होगा कि शेष मे से दस तो ऐसे है कि तीनों समूहों में पाए जाते है, यद्यपि यह अवश्य है कि वे किसी समूह-विशेष की एकाध प्रति में नही पाए जाते है। और भी तीन की कुछ पंक्तियाँ अन्य छंदो के साथ इन प्रतियों मे भी मिलती है जिसमें ये छंद नही मिलते है। केवल सात ऐसे है जो केवल पं० तथा स० समूहो में मिलने के कारण स्वीकृत किए गए है, और ये हैं स्वीकृत ६, २४, ८७, ११४, १२१, १२२, १२३ और १२७। इस तथ्य की ओर सकेत करने के लिए इन छंदों पर आगे दिए गए संपादित पाठ मे तारक चिह्न लगा दिया गया है।

'बीसलदेव रास' एक गीति-प्रबंध है। इस दृष्टि से भी देखने पर इन १२८ छंदो मे कथा-निर्वाह भली भाँति हो जाता है; यह अवश्य है, कि कही-कही पर अस्वीकृत छंदो में से कोई-कोई कथा की पूर्णता अथवा उसमे अन्य प्रकार के चमत्कार लाने मे सहायक हो सकते है, किंतु प्रक्षेपों का ठीक यही कार्य भी हुआ करता है। अतः इस प्रलोभन से बचकर आधुनिक पाठालोचन की वैज्ञानिक पद्धति द्वारा मूल के निर्धारित छंदो को ही स्वीकार किया गया है।

ग्या० रा० तथा न० मे जो अंश खंडित है उनके अतिरिक्त उन प्रतियों के शेष अंशों तथा प्रतियो मे जो छंद प्राप्त नही है, और फिर भी स्वीकृत किए गए है, उनकी तालिका निम्नलिखित है :—

	स्वीकृत	म०	पं०	र०	न०	प्र०
(१)	६	१	१			
(२)	९					
(३)	२२					
(४)	२४	१				
(५)	२६	१[1]				१[1]
(६)	३८					
(७)	३९					
(१०)	६३					१
(११)	६६				१	
(१२)	७९			१		
(१३)	८२					१
(१४)	८६	१[1]				
(१५)	८७	१				
(१६)	११४	१			१	
(१७)	१२१	१				
(१८)	१२२	१				
(१९)	१२३	१				
(२०)	१२७				१	
		१०	१	१	२	५

अ० चा० और ग्या० तथा अ० व० और मो० में उपर्युक्त स्वीकृत स
छंद प्राप्य हैं। ना० में भी यह सभी छंद हैं, केवल स्वीकृत ५५ नही है। ि

१. इन छंदों की एकाध पंक्तियाँ अन्य छंदों मे इन प्रतियों में भी है।

ना० में यह छंद भूल से छूटा हुआ है, क्योकि छंद के साथ छंद-संख्या और अगले छंद की प्रथम चार पंक्तियाँ भी छूट गई है।

७. कथावस्तु और उसकी ऐतिहासिकता

निर्धारित पाठ के अनुसार कथा संक्षेप मे इस प्रकार है (कोष्ठकों में दी हुई संस्थाएँ इस संस्करण के छंदों की है।) :—

[धार-नरेश परमार] **भोजराज** की सभा बैठी; रानी ने राजा से निवेदन किया कि जीवन-काल में ही कन्या (राजमती) का विवाह योग्य वर देखकर कर देना चाहिए (६)। अतः राजा ने ब्राह्मण और भाट के द्वारा अजमेर के शासक **बीसलदेव** चहुवान के पास लग्न की सुपारी भेजी (८,९)। बीसलदेव ने संवंध स्वीकार कर लिया (१०)।

धारा के लिए बारात चल पड़ी (१३)। मार्ग में **बाघेरा** में पड़ाव हुआ (१४)। पाँचवी मंजिल में वह चित्तौरगढ़ पहुँची (१५)। फिर वह धार पहुँची (१६)। **राजमती** और बीसलदेव का विवाह हुआ (१७-१८)। बीसलदेव को दायज में **आलीसर** (१९), **माल** (१९), **सपादलक्ष देश** (२०), **साँभर सर** (२०), **नागर चाल** (२०) **विछाल** (२०), **तोडा** (२०), **उउँक** (२०), **बूँदी** (२०), **कुडाल** (२०), **मंडोवर** (२१), **सोरठ** (२०), **गुजरात** (२०), तथा बारह गढ़ो के साथ चित्तौरगढ़ (२२) प्राप्त हुए। राजमती को लेकर (२५) बीसलदेव अजमेर आ गया (२६)।

एक दिन राजमती से बीसलदेव ने गर्वपूर्वक कहा कि उसके समान दूसरा राजा नही है, क्योकि उसके राज्य मे साँभर सर से नमक निकलता है, चारो ओर **जेसलमेर** का थाना है, एक लाख घोड़ों पर पाखरे पड़ती है, और अजमेरगढ़ मे वैठकर वह राज्य करता है (२८)। राजमती ने उत्तर में कहा कि उसे गर्व न करना चाहिए, क्योकि उसके समान अनेक राजा है : एक तो **उड़ीसाधिपति** है जिसके राज्य मे उसी प्रकार खानों से हीरा निकलता है जिस प्रकार बीसलदेव के राज्य में नमक निकलता है (२९) बीसलदेव ने इस पर उससे प्रश्न किया कि उसे

यह बात कैसे ज्ञात हुई—वह तो अभी बारह वर्ष की थी, और उसका जन्म भी जैसलमेर में हुआ था (३०)। राजमती ने कहा कि वह पूर्वजन्म में उड़ीसे में हिरणी होकर जन्मी थी और उसका देहांत जगन्नाथ स्वामी के द्वार पर हुआ था। (३१)। उसने मरण-काल में जगन्नाथ देव का स्मरण किया था और जब उसे उनका दर्शन प्राप्त हुआ था, उसने उनसे पूर्व देश में पुनः जन्म न मिलने का वर माँग लिया था (३२)। उसने कहा कि पूर्व देश में लोग घृणित होते हैं, चतुरता-ग्वालियर गढ़ मे देखी जाती हैं, कामिनियाँ जैसलमेर की और पुरुष अजमेरगढ़ में अच्छे होते हैं (३३)। इसीलिए उसने जगन्नाथ देव से मारू देश में जन्म का वर माँगा (३४)। बीसलदेव को राजमती की यह बात लग गई, और उसने कहा कि राजमती ने उसकी विसराहना की है, इसलिए वह बारह वर्षों तक उससे कोई संबंध न रक्खेगा, और वह उड़ीसा में राज-सेवा करने के लिए जावेगा ताकि उसके घर में भी हीरे की खानि आ जावे (३५)।

राजमती को जब अपनी भूल ज्ञात हुई, उसने बहुत अनुनय-विनय की और अनेक प्रकार से वीसल देव को उसके इस संकल्प से विरत करने का यत्न किया, किंतु कोई फल न निकला (३६-५३)। तदनंतर उसने ज्योतिषी को बुलाकर कहा कि किसी प्रकार चार महीने तक वह उसके स्वामी को रोके, ताकि इस बीच वह उसे समझा-बुझा ले (५४-५५)। ज्योतिषी ने ऐसा ही किया (५६)। फिर भी राजमती को कोई सफलता नही मिली और राजा शकुन लेकर उड़ीसा यात्रा के लिए निकल पड़ा (५७)। राजमती ने एक वार पुनः वीसलदेव से अनुरोध किया कि वह उसको छोड़ कर न जावे (५८), किंतु फिर भी वह अकृतकार्य ही रही। (५९) और अंततः वीसलदेव को उसने विदा दी (६०-६१)।

राजा ने जैसलमेर छोड़ा, टोडा और अजमेर छोड़ा, टउँक और विछाल छोड़ा, रांणा का रनिवास छोड़ा, वनास उतर गया (६२)। फिर उसने चंवल का पिछला खाल (नाला)-पार किया और शकुनों के साथ वह आगे बढ़ा (६६)। राजमती

उसके वियोग में दिन काटने लगी (६७-८२)। एक कुटनी ने उसे सत से विचलित करना चाहा किन्तु राजमती ने उसे पास न फटकने दिया और उसे पीटकर निकलवा दिया (८३-८४)।

अवधि के समाप्त होने का समय आया तो राजमती पंडित (पुरोहित) के पास आई, और उसके द्वारा बीसलदेव के पास उसने संदेश भेजा (८५-८७)। मौखिक संदेश के अतिरिक्त उसने एक पत्रिका भी उसके द्वारा भेजी (८८-९२)। उसने पंडित से बीसलदेव को जिस प्रकार भी संभव होता लिवा लाने का अनुरोध किया (९३-९४)। पंडित ने उससे बीसलदेव की उनहार पूछी, जिसे उसने बताया (९५-९६)। पंडित ने राजमती को बीसलदेव को लाने का आश्वासन देते हुए प्रस्थान किया (९७-९८)।

मजे-मजे में चलकर पंडित सातवे मास उड़ीसा पहुँचा (९९-१००)। वह जगन्नाथ देव के स्थान पर गया (१०१) और तदनंतर राज-द्वार पर पहुंचा (१०२)। वह उपहार लेकर बीसलदेव से मिला (१०३) तदनंतर उसने उसे राजमती की पत्रिका दी और उसका संदेश सुनाया (१०४)। उसने राजमती की विरह-दशा का भी निवेदन किया (१०५)। उड़ीसा के राजा को जब यह ज्ञात हुआ कि बीसल देव घर जा रहा है, पट्टरानी से उसने यह बताया (१०६)। पट्टरानी ने उसका विवाह कर देने का वचन देकर उसे रोकना चाहा (१०७), कितु बीसलदेव ने बताया कि उसकी हजार स्त्रियाँ है, जिनमें से एक उसकी बल्लभा है, जिसका पीहर मांडव और धार में है (१०८)। उड़ीसा के प्रधान अमात्य ने भी उसे समझाया कि वह उड़ीसा में रह जावे, कितु बीसलदेव इस पर तैयार न हुआ (१०९)। उड़ीसा के राजा ने बिदा करते हुए बीसलदेव को प्रचुर धन-राशि तथा बहुमूल्य हीरे-पत्थर दिए (११०)।

बीसलदेव ने उड़ीसा से प्रस्थान किया और इसकी सूचना के लिए एक पत्रिका उसने एक योगी के द्वारा अजमेर भेजी जो अपने योग बल से अजमेर शीघ्र पहुँच

सकता था और उसे राजमती की उनहार वताई (१११-११३)। राजमती को शुभ शकुन होने लगे (११४)। योगी अजमेर पहुँच गया (११५) और उसने राजमती को बीसलदेव की पत्रिका दी (११६-११७)। योगी ने राजमती को वताया कि तीसरे दिन राजा अजमेर पहुँच जावेगा (११९)।

बीसलदेव अजमेर आ गया (१२०-१२१)। राजमती ने उसके स्वागत के लिए श्रृंगार किया (१२२)। बारह वर्षों पर स्त्री से पति मिला (१२३) बारह वर्षों तक छोड़ रखने के संबंध में राजमती ने उलाहने दिये (१२४-१२६), तदनंतर दोनों प्रेमपूर्वक मिले (१२७-१२८)।

रचना में तीन ऐतिहासिक व्यक्तियों के नाम आते है : वीसलदेव, राजमती और भोज परमार। वीसलदेव (विग्रह राज) नाम के चार शासक हुए हैं किंतु राजमती नाम की कोई रानी ज्ञात नहीं है; बीसलदेव (विग्रहराज) तृतीय की रानी का नाम अवश्य सोमेश्वर के बीज्योल्याँ के शिलालेख में राजदेवी मिलता है। हो सकता है कि 'बीसलदेव रास' का कवि इसी राजदेवी को राजमती कहता हो, और उसका वीसलदेव वीसलदेव (विग्रहराज) तृतीय हो, जिसका समय सं० ११५० के लगभग पड़ता है। भोज परमार का समय सं० ११९२ के लगभग पड़ता है इसलिए रचना के तीनों व्यक्ति ऐतिहासिक है।[1]

किंतु इस रचना में शेष विवरण जो आते है, ऐतिहासिक नहीं है। राजमती भोज परमार की कन्या थी, यह निश्चित रूप से ज्ञात नहीं है। भोज कभी भी सोरठ, मंडोवर, गुजरात आदि का शासक था, यह इतिहास से प्रमाणित नहीं है। अजमेर और जैसलमेर उस समय तक बसे भी नहीं थे। अजमेर सं० ११६५ के लगभग अजयराज के द्वारा बसाया गया था, और जैसलमेर ख्यातो के अनुसार जेसल के द्वारा सं० १२१२ में—किंतु अन्य साक्ष्यों के अनुसार सं० १२५० के

१. दे० गौरीशंकर हीराचंद ओझा : नागरी प्रचारिणी पत्रिका, वर्ष ४५ (सं० १९०७), पृ० १६३-१६७।

लगभग—बसाया गया था। फिर, बीसलदेव तृतीय की उड़ीसा-यात्रा भी इतिहास से प्रकाशित नही है।[1] इसलिए यह प्रकट है कि रचना का ऐतिहासिक महत्व नगण्य है। वह केवल तीन ऐतिहासिक पात्रों को लेकर प्रचलित किसी किवदंती पर आधारित अथवा कल्पित रचना है।

८. रचना-तिथि

म० समूह में रचना-तिथि विषयक कोई छन्द नही है।

पं० समूह में निम्नलिखित छन्द (पं० २४५) मिलता है :—

संवत सहस सतिहत्तरई जाणि।
नल्ह कबीसरि कही अमृत वाणि।
गुण गुथ्यउ चउहाण का।
सुकल पक्ष पंचमी श्रावण मास।
रोहिणी नक्षण सोहामणउ।
सो दिन गिणि जोइसी जोडइ रास।।

न० समूह में (न० २७७) पहिली पंक्ति का पाठ है :—

संवत सहस तिहुत्तर जाणि।

शेष समस्त पाठ उसमें भी प्रायः पं० समूह का ही है।

अ० समूह में (अ० ३०६) .१, .४, .५ क्रमशः यथा निम्नलिखित हैं :—

संवत तेर सतोत्तरइ जाणि—
सुक पंचमी नइ श्रावण मास।
हस्त नक्षत्र रविवार सुं।

शेष समस्त पाठ प्रायः पं० समूह का ही है।

स० समूह के निम्नलिखित (स० १.६) छंद मिलता है :—

बारह सै बहोत्तराहां मॅझारि।
जेठ बदी नवमी बुधवारि।

---

१. दे० राजस्थानी, जनवरी १६४०, पृ० २२; नागरी प्रचारिणी पत्रिका, वर्ष ४७, (सं० १६६६), पृ० २५५ वही, वर्ष ५४, (सं० २००६), पृ० ४१।

नाल्ह रसाइण आरंभइ।
सारदा तुठि व्रह्माकुमारि।
कासमीरां मुख मंडली।
रास प्रगासों बीसलदे राइ।।

इस प्रकार हम देखते है कि एक प्रमुख समूह म० में तिथि-विपयक कोई छन्द नही है। पं०, न० तथा अ० समूहों में छन्द ग्रन्थ के अंत में आता है और स० समूह में आदि में। पुनः पं०, न० और अ० समूहो के पाठ परस्पर भी भिन्न है, और स० समूह के पाठ से वे किसी शव्द में भी साम्य नहीं रखते। पं०, न० और अ० में ही तीन भिन्न-भिन्न तिथियॉ मिलती हैं। ऐसी दशा में पाठालोचन के सिद्धान्तों के अनुसार इनमें से कोई भी मूल का नही माना जा सकता है। न० और अ० समूहों को छोड़ देने पर भी म०, पं० तथा स० समूहों में, अन्यथा कम से कम पं० और स० समूहों में, किसी प्रकार का पाठ-साम्य होने पर ही वह पाठ ग्रहण किया जा सकता था, किन्तु पं० ही नहीं, स० पाठ के साथ किसी भी अन्य समूह के पाठ का एक शव्द भी नही मिलता। ऐसी दशा में रचना-तिथि के छन्द पं० तथा स० समूहों में अलग-अलग स्वतन्त्र रूप से प्रक्षेप की भावना से रक्खे गए ज्ञात होते है।

पुनः ऊपर दिए गए चार पाठों से कम से कम छः तिथियाँ तो निकलती ही हैं :—

(१) पं० : सं० १०७७।

(२) न० : सं० १०७३।

(३) अ० : सं० १३७७ 'तेर सतोत्तरइ' ये दो भिन्न अर्थ लिए जा सकते हैं।

(४) अ० : सं० १३०७

(५) स० : सं० १२७२ 'वारह सै वहोत्तराहां' से ये दोनो अर्थ लिए जाते है।

(६) स० : सं० १२१२

चैत्रादि और कार्तिकादि—दो प्रकार के वर्षों के अनुसार इन छः की वारह तिथियॉ वन जाती हैं, और यदि गत और वर्तमान संवत् लिए जावें तो उपर्युक्त से कुल चौवीस तिथियाँ होती हैं। यदि और आगे अमान्त और पूर्णिमान्त मासों

के भेदों पर न भी जाएँ, तो यह चौवीस तिथियाँ क्या कम है। गणना करने पर इन चौबीस में कोई न कोई ठीक निकल ही आवेगी। गणना करके महामहोपाध्याय स्वर्गीय गौरीशंकर हीराचन्द ओझा ने सं० १२७२ की तिथि को कार्तिकादि वर्ष में लेने पर गणना से ठीक बताया।[1] किन्तु असंभव नहीं है कि उपर्युक्त चौबीस तिथियों की गणना करने पर दो-एक और भी ठीक निकल आवें। फिर १२७२ का पाठ सं० समूह का हैं जो, पाठ की दृष्टि से यद्यपि अमिश्रित है, किन्तु अत्यधिक प्रक्षेप-पूर्ण भी है—वस्तुतः यही समूह सब से अधिक प्रक्षेप-पूर्ण है। ऐसी दशा में इन छन्दों के आधार पर ग्रंथ की रचना तिथि निर्धारित करना उचित नही जान पड़ता।

तथ्य जैसा ऊपर कहा जा चुका है यह ज्ञात होता है कि विग्रहराज तृतीय की रानी का नाम राजदेवी था। उसी के सम्बन्ध में राजमती नाम से कुछ कहानियाँ समय पाकर प्रसिद्ध हो गईं। फिर भोज परमार आदि से उसे सम्बन्धित कर विग्रहराज तृतीय के बहुत बाद किसी नरपति नाल्ह नामक कवि ने इस ग्रन्थ की रचना कर डाली। किन्तु कितने बाद उसने यह रचना की, यह प्रश्न फिर भी बना रह जाता है।

एक प्रकार से और इस समस्या पर विचार किया जा सकता है, वह है प्रतियों की पाठ-परम्परा की दृष्टि से। हम ऊपर देख चुके है कि इस ग्रन्थ के पाठ के तीन मुख्य समूह हैं : म०, पं० तथा स०, न० तथा अ० केवल म० तथा पं० की विभिन्न स्थितियों के मिश्रण से बने है। इनमें से म० की प्रति यद्यपि प्राचीन है किन्तु उसकी प्रतिलिपि-तिथि अज्ञात है। किन्तु पं० समूह की प्राचीनतम प्रति सं० १६६३ की है, और स० समूह की प्राचीनतम प्रति सं० १६६९ की है।

ऊपर हम देख चुके हैं[2] कि मूल आदर्श को लेकर जो लगभग १२८ छन्दों का रहा होगा, पं० तक पहुँचने में पाठ-विकास की कम से कम चार स्थितियाँ पड़ती है : (१) उस पाठ की जो लगभग १२८ छन्दों का रहा होगा, (२) ४३

---

१. गौरी शंकर हीराचन्द ओझा : नागरी प्रचारिणी पत्रिका, वर्ष ५ (सं० १९९७), पृ० १६३-१६७।

२. देखिए ऊपर के 'प्रतियों का पाठ-संगठन' तथा 'पाठ सम्बन्ध' शीर्षक।

छन्द युक्त उस पाठ की जो उसमें म० के किसी पूर्वज़ के प्रभाव से आए होंगे, (३) ७४ छन्द युक्त उस पाठ की जो पं० में अपने प्रक्षेपों के रूप मे वढ़ते रहे होंगे, और जिन्होंने पाठ को उस स्थिति तक पहुँचाया होगा जहाँ से उसके आधार पर न० समूह के पाठ का विकास हुआ, और (४) ३ छन्द युक्त उस पाठ की जो अ० समूह के विकास के पूर्व पं० समूह में आ मिले होंगे। इसी प्रकार लगभग १२८ छन्दों के मूल आदर्श को लेकर स० तक पहुंचने में पाठ-विकास की कम से कम छः स्थितियॉ पड़ती हैं : (१) उस पाठ की जो १२८ छन्दो का रहा होगा, (२) २१ छन्द युक्त उस पाठ की जो म० की उस स्थिति की पाठ-वृद्धि मे सहायक हुआ जिससे न० समूह का निर्माण हुआ, (३) ६ छन्द युक्त उस पाठ की जो म० की उस स्थिति की पाठ वृद्धि में सहायक हुआ जिससे अ० समूह का निर्माण हुआ, (४) ३ छन्द युक्त उस पाठ की जो उसके अनन्तर भी म० की पाठ-वृद्धि मे सहायक हुआ, (५) १४१ छन्द युक्त उस पाठ की जो प्र० के अलग होने तक म० समूह की पाठ-वृद्धि में सहायक हुआ, और (६) १६ छन्द युक्त उस पाठ की जो स० प्रति की अपनी पाठ-वृद्धि का कारण हुआ।

इस प्रकार पं० की चार स्थितियां और स० की छः स्थितियॉ तो निश्चित रूप से ज्ञात हैं। असम्भव नहीं है कि और अधिक प्रतियॉ प्राप्त होने पर इस प्रकार की एक-दो अधिक स्थितियॉ और प्रकाश में आवें।

अव यदि प्रत्येक स्थिति के लिए औसत अवधि ५० वर्प की रक्खें—जो मेरी समझ में अधिक नही है—तो स० पाठ-परम्परा के अनुसार रचना की प्रथम प्रति का काल सं० १३६६ और पं० की पाठ-परम्परा के अनुसार रचना की प्रथम प्रति का काल सं० १४३३ के लगभग ठहरता है। अतः 'वीसलदेव रास' की रचना दोनों के वीच की तिथि सं० १४०० के लगभग हुई मानी जा सकती है।

जिन स्थानों के नाम 'वीसलदेव रास' (प्रस्तुत संस्करण) में आते है, उनमें से कोई भी सं० १४०० के बाद का नहीं प्रमाणित हुआ है, इसलिए इस तिथि के सम्वन्ध मे कोई ऐतिहासिक अड़चन भी नही ज्ञात होती है।

ग्रन्थों के रचना-काल पर भाषा की दृष्टि से भी विचार किया जाता है। श्री अगरचंद नाहटा ने ग्रन्थ की भापा की दृष्टि से लिखा है : "बीसलदेव रासो की भाषा सोलहवीं-सत्रहवीं शताव्दी की राजस्थानी भाषा है। जिन विद्वानो ने ग्यारहवीं से सत्रहवी शताव्दी तक की राजस्थानी भाषा का अध्ययन किया है, उनका यह मत हुए बिना नहीं रह सकता। ग्रन्थ में प्राचीन भाषा का अंश वहुत कम-नही के बरावर है।" और इस प्रसंग में पाद-टिप्पणी में उन्होने एक सुझाव यह भी दिया है कि सोलहवी शताब्दी मे नरपति नामक एक जैन कवि हुआ है, जिसका उल्लेख 'जैन गुर्जर कवियों' भाग १ मे हुआ हैं; असंभव नही कि 'बीसलदेव रास' का रचयिता भी वही हो।[१]

मेरा अपना विचार है कि उपर्युक्त कारणों से यह मानना असंभव है कि 'बीसलदेव रास' सोलहवी शताब्दी के किसी कवि की रचना है, उसकी भाषा के आधार पर जो परिणाम नाहटा जी ने निकाला है, उसके विषय मे यह जान लेना चाहिये कि जिन प्रतियों की भाषा के आधार पर उन्होंने यह परिणाम निकाला है, उनके ग्रन्थ के पाठ की अंतिम स्थितियों तक के प्रक्षिप्त छन्द मिले हुए है, जिनकी संख्या मूल से भी अधिक है। यह पाठ वृद्धि सोलहवी-सत्रहवी शताव्दी तक की हुई हो सकती है, इसलिए ग्रन्थ के अंतिम रूपों के आधार पर उनका अनुमान बहुत गलत नहीं कहा जा सकता। किन्तु प्राचीन ग्रन्थो का काल-निर्धारण प्रायः उन अंशों की भाषा के आधार पर किया जाना चाहिए जिनमे भाषा का प्राचीनतम रूप पाया जाता है, क्योंकि प्रतिलिपियों के होते-होते भाषा का रूप कुछ का कुछ हो जाता है। और प्रस्तुत संस्करण के पाठ की भाषा को सं० १४०० के आस-पास की किन्ही भी राजस्थानी रचनाओं की भाषा से मिलाकर यह बात देखी जा सकती है कि 'वीसलदेव रास' की भाषा लगभग उन्हीं के जैसी है।[२]

---

१. राजस्थानी, जनवरी १९४०, पृ० २१।

२. दे० तेस्सितोरी : 'पुरानी राजस्थानी' नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी, तथा ग्रियर्सन : 'ओल्ड गुजराती ग्रामर', 'लिग्विस्टिक सर्वे आव इंडिया, भाषा ९, खण्ड २, पृ० ३५३-३६४।

जहाँ तक गुजरात के नरपति और 'वीसलदेव रास' के रचयिता नरपति नाल्ह के एक होने का प्रश्न है, यह नहीं कहा गया है कि गुजरात के 'नरपति' ने भी अपने को कही 'नाल्ह' कहा है, जवकि 'बीसलदेव रास' का रचयिता अपने को 'नाल्ह' कहता है। फिर जो पंक्तियाँ तुलना के लिए दोनों कवियों से दी गई है, उनमे से चार तो इस संस्करण में प्रक्षिप्त माने गए छंदों की है, और शेष तीन पंक्तियों में जो साम्य है यह साधारण है; उस प्रकार का साम्य देखा जावे तो मध्ययुग के किन्ही भी दो कवियों की रचनाओं में मिल सकता है। फिर 'वीसलदेव रास' में न जैन नमस्क्रिया है और न कोई अन्य वात मिलती है जिससे इसका लेखक जैन प्रमाणित होता हो। केवल आंशिक नाम-साम्य के आधार पर इस रचना को सोलहवी-सत्रहवीं शती के किसी जैन लेखक की कृति मानना तटस्थ वुद्धि से संभव नहीं ज्ञात होता है।

६. रासक तथा रास काव्य-परंपराएँ और वीसलदेव रास

'रास', 'रसायन', 'रासक', 'रासा' और 'रासो' कही जाने वाली रचनाएँ अपभ्रंश तथा हिंदी साहित्य में दो प्रकार की मिलती हैं : एक प्रकार की बहु रूपक (छंद) निवद्ध है उनमे अनेक प्रकार के छन्दों का प्रयोग हुआ मिलता है, और उसमें छंद-परिवर्तन द्रुत गति से होता दिखाई पड़ता है; दूसरे प्रकार की रचनाएँ अल्प रूपक (छंद) निवद्ध है—उनमें दो-चार प्रकार के छंद ही प्रयुक्त मिलते हैं और छंद-परिवर्तन केवल एकरसता-निवारण के लिए अत्यल्प मात्रा में किया गया दिखाई पड़ता है। दोनों परंपराओं का एक संक्षिप्त परिचय प्राप्त कर लेने पर उनका भेद स्पष्ट हो जावेगा।

वहु रूपक निवद्ध परम्परा

(१) इस परंपरा की एक अत्यंत महत्वपूर्ण कृति अपभ्रंश की 'संदेश रासक' है। इसके रचयिता एक मुसलमान कवि अब्दुल रहमान है। कृति के सम्पादक मुनि

१. संपादक-मुनि जिन विजय, प्रकाशक भारतीय विद्याभवन, बम्वई।

जिन विजय जी के अनुसार यह रचना शहावुद्दीन गोरी के आक्रमण के पूर्व की होनी चाहिए। इसमें विजयनगर (जेसलमेर) की एक विरहिर्णी की विरह गाथा वर्णित हुई है, जो वह एक पथिक के द्वारा अपने प्रवासी पति के पास भेजना चाहती है, किन्तु जैसे ही यह पथिक उसका सदेश लेकर आगे बढ़ता है, उसका पति प्रवास से लौटता दिखाई पड़ता है और दम्पत्ति आनन्द-पूर्वक मिलते है।

इसका कवि, जैसा उसने स्वयं लिखा है, प्राकृत काव्य तथा गीत-विपय में प्रसिद्ध हो चुका था जब उसने इस बहुरूपक निबद्ध प्रवन्ध काव्य की रचना की—

पच्चाएसि पहूओ पुव्व पसिद्धो य मिच्छ देसोत्थि।
तह विसए संभूओ आरद्दो मीर सेणस्स।।३।।
तह तणओ कुल कमलो पाइअ कव्वेसु गीय विसयेसु।
अद्दहमाण पसिद्धो संनेहयरासयं रइयं।।४।।

यह रचना केवल २२३ छन्दो की है, किन्तु इतने में ही २२ प्रकार के छंदों का प्रयोग निरंतर छंद-परिवर्तन करते हुए किया गया है। इन छंदो मे सर्वाधिक प्रयुक्त छंद रासा या आहाणक है। स्वयं कवि ने एक स्थान पर इस रचना में इस बहु रूपक निबद्ध रासक-परम्परा का उल्लेख किया है : नगर-वर्णन करते हुए वह कहता है—

विविह विअक्खण सथ्थिहि जइ पविसइ णअरु।
सुम्मइ छंदु मणोहरू पायउ महुरयरु।
कहव ठाइ चउवेइहिं वेउ पयासियइ।।
कह बहु रुवि णिबद्धउ रासउ भासियइ।।४३।।

अर्थात्—यदि कोई विविध विचक्षणों के साथ नगर में प्रविष्ट हो, तो वह प्राकृत के मनोहर और मधुरतर छन्द सुनेगा। किसी स्थान पर चतुर्वेदीगण द्वारा वेद प्रकाशित होता होगा तो कही बहु रूपक निबद्ध रासक भाषित होता होगा।

(२) सं० १४०० के लगभग रचा गया[1] 'पृथ्वीराज रासो' भी इसी परम्परा की रचना है। इसकी सर्वप्रमुख कथाएँ पृथ्वीराज द्वारा अपने मन्त्री कयवास-वध, संयोगिता के लिए जयचन्द-पृथ्वीराज युद्ध, शहावुद्दीन-पृथ्वीराज युद्ध, तथा पृथ्वीराज के प्राणांत की हैं। 'पृथ्वीराज रासो' के छोटे वड़े चार-पाँच पाठ मिलते हैं, किन्तु सभी में ये कथाएँ पाई जाती हैं। आकार-वृद्धि के साथ-साथ छन्द वैविध्य भी अधिकाधिक होता गया है। किन्तु सवसे छोटे आकार के पाठ में भी, जो लगभग सवा चार सौ रूपकों का है, वीसों प्रकार के छन्द प्रयुक्त हुए हैं, और छन्द-परिवर्तन द्रुतगति से हुआ है।

(३) प्रायः इसी समय का रचा हुआ जल्ह का 'वुद्धि रासो' भी इस परम्परा की एक प्राचीन रचना है। इसमें एक विरहिणी प्रेमिका की कथा है, जिसका प्रेमी राजकुमार उसे छोड़कर राजकार्य से कुछ दिनों के लिए चला जाता है और अवधि समाप्त होने पर भी लौटता नहीं है। इस पर प्रेमिका की माता उसे उसके प्रेम-मार्ग से विरत करना चाहती है, किन्तु प्रेमिका अपनी प्रेम निष्ठा में अविचल रहती है; तव तक उसका प्रेमी राजकुमार वापस आ जाता है और दोनों का आनन्दपूर्ण सम्मिलन होता है। यह रचना कुल १४० छन्दों मे समाप्त हुई है, किन्तु इतने आकार में ही कम से कम १०-१२ प्रकार के छन्दों का प्रयोग हुआ है।[2]

(४), (५) इस परम्परा की प्राचीन रचनाओं मे दो और भी ऐसी हैं जो उल्लेखनीय हैं : वे है 'मुन्ज रास', तथा 'हम्मीर रासो'। इन नामों की रचनाएँ अभी तक नहीं मिली हैं किन्तु मुन्ज तथा हम्मीर के सम्वन्ध के जो छंद कतिपय प्राचीन ग्रंथो में मिले हैं वे संख्या मे अत्यल्प होते हुए भी वैविध्य पूर्ण हैं। मुन्ज के सम्वन्ध के छन्द हेमचन्द्र के प्राकृत व्याकरण, मेरुतुंग के प्रवन्ध चिन्तामणि'[1] तथा एक जैन संकलन-कर्ता के एक प्राचीन प्रवन्ध-संग्रह में उद्धरणों के रूप में

१. दे० प्रस्तुत लेखक द्वारा संपादित और साहित्यसदन, चिरगाँव से प्रकाशनीय 'पृथ्वीरास.रासो' की भूमिका।

२. दे० पं० मोती लाल मेन रिया : 'राजस्थान में हिन्दी हस्तलिखित पुस्तकों की खोज', भाग १, पृ० ०६

मिले है।[२] हम्मीर-विषयक छन्द नागकृत 'प्राकृत पैगल' मे अनेक वृत्तों के उदाहरण के रूप में दिए हुए है।[३] मुन्ज-विषयक छन्द प्रायः मृणालवती से उसके प्रेम के है, जिसकी कथा उपर्युक्त जैन प्रबन्धों के अनुसार संक्षेप मे इस प्रकार है। तैलप युद्ध में पराजित होकर मुन्ज वंदीगृह में तैलप की विधवा भगिनी मृणालवती से प्रेम करने लगता है, और जव उसके भृत्य उसको वन्दीगृह से निकाल भगाने की योजना बनाते है, वह मृणालवती को लेकर भागने के लिए उससे प्रस्ताव करता है। मृणालवती अपकीर्ति के भय से भागना नहीं चाहती है और यह भी चाहती है कि मुन्ज वन्दीगृह में बना रहे जिससे उसका प्रेम-व्यापार चलता रहे, इसलिए वह इस षड़यन्त्र का भेद तैलप को वता देती है। तैलप षड़यन्त्र समाप्त कर मुन्ज को अत्यन्त अपमानित करता है और फिर उसे हाथी से कुचलवा कर मरवा डालता है। हम्मीर-सम्बन्धी छन्द प्रायः उसके युद्धो के सम्बन्ध के है।

हिन्दी के मध्य युगीन साहित्य मे तो अनेकानेक रचनाएँ इस परम्परा की मिलती है, जिनमे से महत्व की दृष्टि से सर्वाधिक उल्लेखनीय निम्नलिखित है : 'परमाल रासौ',[४] जो चन्द की रचना कही कई है, एक अज्ञात लेखक कृत 'राग जैतसी रासौ'[५], नल्लसिंह कृत, 'विजयपाल रासौ',[६] माधवदास चारण रचित 'राम रासौ'[७], दयाल कृत 'राणा रासौ',[८] कुम्भकर्ण कृत 'रतन रास'[९], जानकवि कृत 'कायम

१. मेरुतुङ्ग : प्रबन्ध चितामणि (सिधी जैन ग्रंथमाला) पृ० २१-२५।
२. मुनि जिन विजय संपा० · पुरातन प्रवन्ध संग्रह (सिधी जैन ग्रंथमाला) पृ० १३-१५।
३. संपा० चन्द्र मोहन घोष, प्रकाशक एशियाटिक सोसाइटी बंगाल : मात्रावृत्त ७१, ९२, १०६, १४७, १५१, १९०, २०४, वर्णवृत्त १८३।
४. संपा० श्यामसुन्दर दास, प्रकाशक नागरी प्रचारिणी सभा, काशी।
५. संपा० नरोत्तम दास स्वामी, राजस्थानी भारती भाग २, अंक २, पृ० ७०।
६. मुन्शी देवी प्रसाद मुन्शिफ द्वारा संपादित 'कविरत्नमाला' मे संकलित।
७. पं० मोतीलाल मेनारिया : राजस्थानी भाषा और साहित्य, पृ० १४३।
८. वही 'राजस्थान में हिंद्री हस्तलिखित पुस्तकों की खोज', भाग १, पृ० ११९।
९. 'राजस्थान में हिन्दी हस्तलिखित पुस्तको की खोज', भाग ४, पृ० २२४।

रासौ'[1], डूगरसी रचित 'शत्रुसाल रासौ'[2], कान्ह रचित 'मांकण रासौ'[3], गिरधर चारण-रचित 'सगत सिह रासो'[4], जोधराज रचित 'हम्मीर रासो'[5] दलपति विजय रचित 'खुमाण रासो'[6], सदानन्द कृत 'रासा भगवंत सिह'[7], गुलाव कृत 'करहिया कौ रायसौ'[8], शिवनाथकृत 'रासा भइया वहादुर सिह का'[9], तथा 'रायसा'[10], और महेश कवि कृत 'हम्मीर रासो'[11]। इन रचनाओं का विवरण देना यहाँ न संभव हो होगा और न आवश्यक ही।[12] से सभी रचनाएँ छन्द-वैविध्य युक्त हैं ओर परिनिष्ठित काव्य की दृष्टि से रची गई हैं। अतः शुद्ध साहित्य की दृष्टि से इस परम्परा की प्रायः सभी रचनाएँ अत्यन्त सम्पन्न है। अलग-अलग इन रचनाओं का आकार-प्रकार तथा विपय-वैविध्य भी दर्शनीय है।

अल्प रूपक निवद्ध परम्परा

(१) इस परम्परा की सवसे प्राचीन प्राप्त रचना जो अपभ्रंश की है जिन-दत्त

---

१. प्रकाशक — राजस्थान पुरातत्व मन्दिर, जयपुर।
२. पं० मोती लाल मेनारिया, 'राजस्थानी भापा और साहित्य', पृ० १५८।
३. संपा० अगर चन्द नाहटा : राजस्थान भारती, भाग ३, अंक ३-४, पृ० ६७-१००।
४. संपा० अगर चन्द नाहटा : 'राजस्थान में हिन्दी हस्तलिखित पुस्तकों की खोज' भाग ३, पृ० १०७।
५. प्रकाशक — नागरी प्रचारिणी सभा, काशी।
६. पं० मोती लाल मेनारिया : नागरी प्रचारिणी पत्रिका, सं० २००६, पृ० ३५४।
७. नागरी प्रचारिणी पत्रिका, भाग ५, पृ० ११४-१३१।
८. वही, भाग १०, पृ० २७८।
९. हिन्दी हस्तलिखित पुस्तकों का खोज-विवरण (नागरी प्रचारिणी सभा, काशी) १९२०-२२, नो० १८२।
१०. वही।
११. वही, १९०७—११, सू० २६३।
१२. विस्तृत विवरण के लिए दे० प्रस्तुत लेखक लिखित 'रासोकाव्य धारा' : हिन्दी साहित्य, भाग २; पृ० ६६-१३७, प्रकाशक—भारतीय हिन्दी परिपद्, प्रयाग।

सूरि रचित 'उपदेश रसायन' है।[1] यह सं० १२०० के लगभग की कृति है। इसमें चउपई छंद ही प्रयुक्त हुआ है, और रचना ३२ छंदो मे समाप्त हुई है। इसका विषय जैन धर्मोपदेश है।

(२) इस परंपरा की एक दूसरी प्राचीन और महत्त्वपूर्ण रचना शालिभद्र सूरि को 'भरतेश्वर बाहुबली रास' है।[2] इसमे राज्य के लिए भरतेश्वर और बाहुबली के बीच हुए युद्ध की पौराणिक जैन कथा है। इसकी रचना सं० १२४१ मे हुई थी। इसका छंद-विधान गीतिपरक है, और छंद-वैविध्य की दृष्टि रचना में नहीं है।

(३) शालिभद्र सूरि की अन्य रचना 'बुद्धि रास' भी इसी परंपरा में आती है।[3] इसमें जैन धर्म के सिद्धान्तों का उपदेश किया गया है।

(४) आसगु की 'जीवदया रास' भी जो सं० १२५७ की रचना है, इसी परंपरा में आती है।[4] इसका विषय नाम से ही प्रकट है।

(५) आसगु की एक अन्य रचना 'चन्दन बाला रास' में चंदनबाला की जैन धार्मिक कथा है। यह चौपाई-दोहों में कही गई है।[5]

(६) धर्म सूरि की इस परंपरा की एक कति 'जंबू स्वामी रासा', जो सं० १२६६ की कृति है। जैन महात्मा जंबू स्वामी के चरित्र को लेकर लिखी गई है।[6]

(७) विजय सेन सूरि की इस परंपरा की एक कृति 'रेवंत गिरि रास', जो सं० १२८८ के लगभग की रचना मानी गई है, गिरिनार के जैन मंदिरों को जीर्णोद्धार का वृत्त प्रस्तुत करती है।[7]

---

१. दे० अपभ्रंश काव्य त्रयी, गायकवाड़ ओरिएंटल सीरीज, बड़ौदा।

२. संपा० मुनि जिन विजय, प्रकाशक— भारतीय विद्याभवन, अंधेरी, बम्बई।

३. वही।

४. दे० मंजुलाल मजमुदार : गुजराती साहित्य ना स्वरूपो, पद्य विभाग पृ० ८१६।

५. संपादक अगर चंद नाहटा : राजस्थान भारती, भाग ३, अंक ३-४, पृ० १०६-११२।

६. दे० नाथूराम प्रेमी : हिंदी जैन साहित्य, पृ० २५।

७. सी०डी० दलाल संपादित प्राचीन गूर्जर काव्य संग्रह; भाग १, पृ० १।

(८) पाल्हण की 'नेमि जिणंद रासो' या 'आवू रास' नामक कृति भी, जो सं० १२८९ की रचना है, इसी परंपरा की रचना है। इसमें चउपई-दोहा तथा एकाध ही अन्य छंद का प्रयोग हुआ है।[१]

(९) देल्हणि कृत 'गयसुकुमाल रास', जो सं० १३०० के लगभग की कृति मानी गई है, गयसुकुमार के धार्मिक चरित्र को लेकर लिखा गया है। उसमें चउपई तथा एकाध स्थान पर एक-दो अन्य छंदों का प्रयोग हुआ है।[२]

(१०) 'सप्त क्षेत्रिरासु', जो सं० १३२७ की एक अज्ञात लेखक की कृति है, और सप्तक्षेत्रों—जिन मंदिर, जिन प्रतिमा, ज्ञान, साधु, साध्वी, श्रावक और श्राविका की उपासना का प्रतिपादन करती है, ११९ छंदों की रचना है, किन्तु कुल तीन-चार प्रकार के छंदों में रची गई है।[३]

(११) मंडलिक कृत 'पेथड रास' जो सं० १३६० की कृति है, जैन संघपति पेथड के चरित्र को लेकर लिखी गई है। यह रचना ६५ छंदों की है और यह भी तीन-चार प्रकार के छंदों में ही निर्मित हुई है।[४]

(१२) एक अज्ञात लेखक की इस परंपरा की रचना 'कच्छूली रास', जिसका समय सं० १३६३ है, जैन तीर्थ कच्छूली ग्राम का वर्णन करती है। यह कुल ३५ छंदों की है और इसमें भी तीन-चार प्रकार के ही छंद प्रयुक्त हुए हैं।[५]

(१३) अंबदेव सूर कृत 'समरा रास', जो सं० १३७१ के कुछ ही बाद की कृति मानी जाती है, जैन संघपति समरा के चरित्र को लेकर रची गई है। इसमें कुल ११० छंद है, किन्तु तीन-चार ही प्रकार के छंद प्रयुक्त हुए हैं।

---

१. दे० राजस्थानी, भाग ३, अंग १, पृ० ८३।

२. दे० राजस्थान भारती, भाग ३, अंक २, पृ० ८७।

३. सी० डी० दलाल, संपादित प्राचीन गूर्जर काव्य, भाग १।

४. वही।

५. वही।

६. वही।

यह परम्परा और आगे तक भी पश्चिमी राजस्थानी तथा गुजराती मे मिलती है, किंतु कोई उल्लेखनीय नवीनता इसमें नही दिखाई पड़ती है, इसलिए इसका और आगे का विवरण देना अनावश्यक होगा।

इस परम्परा की प्रवृत्तियाँ नितांत प्रकट है। प्रायः यह समस्त परम्परा धार्मिक प्रचार और धर्मानुभूति का आधार लेकर आगे बढ़ी है। इसमें शुद्ध साहित्यिक दृष्टि नहीं दिखाई पड़ती है। प्रायः रचनाएँ बहुत छोटी है, और उनमें छंद-वैविध्य की दृष्टि का तो सर्वथा अभाव है। इनमें से कुछ गीति-परक भी है, और प्रायः कण्ठस्थ करके विभिन्न पर्वों पर तथा तीर्थ-यात्रादि पर संगीत तथा नृत्य के साथ प्रस्तुत की जाती रही हैं। उपर्युक्त अभावो के साथ-साथ आकार-प्रकार तथा विषय सम्बन्धी वैविध्य का अभाव भी इस परम्परा की रचनाओं में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है।

'बीसलदेव रास' इन दोनो परम्पराओं में से किसमे आती है यह विचारणीय है। इसमें भी छन्द-वैविध्य नही है। आरम्भ से अन्त तक एक ही प्रकार के गेय छन्द का प्रयोग किया गया है, और पूरी रचना के द्वारा राग में गाए जाने के लिए रची गई है, जिसका उसके प्रारम्भ में ही निर्देश कर दिया गया है। इसलिए यह रचना अल्प रूपक निबद्ध रास-परम्परा में ही आती है, यह प्रकट है। फिर भी यह उस परम्परा में एक प्रकार से अपवाद-स्वरूप ही आती है। न यह धार्मिक है, न यह जैन कृति है, और न यह साहित्यिक गुणो से किसी प्रकार से हीन है। अवश्य ही इस प्रकार की और भी रचनाये इस परम्परा में रही होगी : समाज केवल शुष्क धर्म पर—केवल व्रत, उपवास, और फलाहार पर नही जीता है, वह कुछ बल-वीर्यवर्द्धक तथा रुचिकर भोजन भी चाहता है। किन्तु वे सुरक्षित नहीं रह सकी है, और नाल्ह की यह रचना अपवाद-स्वरूप ही हमे मिलती है। किन्तु अपने साहित्यिक महत्त्व की दृष्टि से इस परम्परा की रचनाओं मे यह अप्रतिम है। यह एक भावुक कवि की सरस कल्पना से प्रस्तुत ऐसे स्वस्थ प्रणय की कथा है जिसमें जीवन का तरल रस प्रभावित हो रहा है।

दोनों परम्पराओं के उपर्युक्त संक्षिप्त विवेचन से ज्ञात होगा कि प्रथम परम्परा परिनिष्ठित साहित्य की थी और दूसरी धार्मिक अथवा लोक-साहित्य की थी। पहली परम्परा की रचनाओं के लोकप्रिय होने का उल्लेख अब्दुल रहमान ने तो किया ही है, प्राकृत-अपभ्रंश के साहित्यशास्त्रियों यथा विरहाङ्क तथा स्वयंभू ने भी 'रासक' तथा 'रासाबन्ध' नाम से इस काव्य-परम्परा का लक्षण-निर्देश किया है।

विरहाङ्क ने लिखा है—

अडिलाहि दुवहएहि व मत्तारड्डहि तथाअ ढोसाहि।

बहुएहिं जो रइज्जइ सो भण्णइ रासओ णाम।।

अर्थात्—जिसमें अडिल्ला, दोहा, मात्रा रड्डा और ढोसा आदि वहुततेरे छन्द पाए जाते है, ऐसी रचना 'रासक' कहलाती है।

इसी प्रकार स्वयंभू ने लिखा है —

घत्ता छड्डणिआहि पद्धडिआ सुअण्ण रूएहि।

रासा बंधो कब्वे जणमण अहिरामो होइ।।

अर्थात्—काव्यों में 'रासाबंध' अपने घत्ता, छप्पय, पद्धडी तथा अन्य रूपको के कारण जन-मन अभिराम होता है।

किन्तु दूसरी परम्परा का कोई उल्लेख प्राचीन लक्षण-ग्रन्थों में नहीं मिलता है, जिससे यह प्रकट है कि या तो उस परम्परा का उस समय विकास नहीं हुआ था और या तो उसका कोई साहित्यिक महत्व नहीं समझा जाता था। फलतः यदि उसमें 'बीसलदेव रास' जैसी सरस रचनाएँ उसमें अपवाद-स्वरूप मिलें तो आश्चर्य न होगा।

उपर्युक्त विवेचन से यह भी ज्ञात हुआ होगा कि दोनों परम्पराओं को एक दूसरे से अलग रखना ही उचित है, इसीलिए अच्छा यह होगा कि हम उन्हे अलग-अलग नामों से अभिहित करें। बहुरूपक निबद्ध काव्यरूप को विरहाङ्क ने रासअ (<रासक) कहा है, स्वयंभू ने रासावन्ध (<रासक+बन्ध) कहा है; अब्दुल

रहमान ने अपनी रचना को रासय (<रासक) तथा भाषित होने वाले इस काव्यरूप को रासउ (<रासकु<रासक) कहा है; इस परम्परा की शेष रचनाएँ भी 'रासा' तथा 'रासउ' अथवा 'रासउ' अथवा 'रासौ' नामों से मिलती है, इसलिए इन्हें इन्ही नामों से पुकारना चाहिए। दूसरी परम्परा की प्रायः रचनाएँ 'रास' और 'रसायन' नामों से मिलती है, अतः उन्हें 'रास' और 'रसायन' नामों से पुकारा जा सकता है।

सामान्यतः यह समझा जाता रहा है कि इन काव्यरूपों का सम्वन्ध विशेष रसों, विशेष प्रकार की कथावस्तुओं, विशेप प्रकार के कथा-नायको और विशेष प्रकार के रचयिताओं, विशेष प्रकार के कथा-नायको और विशेष प्रकार के रचयिताओं से रहा है। रासौ काव्यों के सम्बन्ध में यह एक प्रचलित धारणा रही है कि उनमें प्रमुख रस वीर होता है, जिसके सहायक के रूप मे श्रृंगार की भी अवतारणा की जाती रही है; उनमे युद्ध की कथा प्रधान रूप मे होती रही है, और मध्ययुग में युद्धो का एक प्रमुख कारण विवाह होता रहा है, इसलिए उनमें विवाहों का भी वर्णन होता रहा है; उनके नायक राजा होते रहे है जो मध्ययुग मे अनेक कारणों से आपस में लड़ते-भिड़ते रहे हैं, और उनके रचयिता उनके आश्रित चारण या भाट होते रहे हैं जो उनकी प्रशस्ति में इस प्रकार के काव्यों की रचना करते रहे है, वे उनके साथ युद्धो मे भी जाते रहे हैं, और न केवल उन्हें युद्ध के लिए प्रोत्साहित करते रहे है, स्वयं उनके साथ-साथ युद्ध करते हुए आवश्यकता पड़ने पर प्राणोत्सर्ग भी करते रहे है। इसी कारण हिन्दी साहित्य के आदि काल में जब रासौ ग्रन्थ ही पहले मिले, उसे चारण काल अथवा वीरगाथा काल की संज्ञा दे दी गई।

किन्तु ऊपर बहु रूपक निवद्ध रासक-परम्परा का जो संक्षिप्त परिचय दिया गया है, उस पर यदि ध्यान दिया जावे तो ये समस्त धारणाएँ निराधार प्रमाणित होगी। उदाहरण के लिए अव्दुल रहमान कृत 'संदेश रासक', तथा जल्ह कृत 'बुद्धि रासो' श्रृङ्गार रस की रचनाएँ है : इनमे वीर रस का नाम भी नही है।

कान्ह रचित 'मांकण रासो' मत्कुण (खटमल) के कृत्यों का गुण-गान करता हुआ हास्य रस का काव्य है। माधवरास चारण का 'राम रासो' राम-चरित्र से सम्वन्धित मुख्यतः शांत रस का काव्य है। 'पृथ्वीराज रासो' नवरस युक्त महाकाव्य है : उसके अंत में कहा गया है —

रासउ असंभु नवरस सरस चदु छंदु किअ अमिअ सम।
शृंङ्गार वीर करुणा विभछ भय अद्भुत हसंत सम।।

अतः यह समझना कि 'रासो; वीर रस का ही कोई काव्यरूप है, ठीक नहीं है। ठीक यही वात कथानक के सम्बन्ध में भी लागू होती है। 'संदेश रासक', 'वुद्धि रासो' और 'माकंण रासो' में से एक भी युद्ध विषयक काव्य नहीं है। कथानायक का राजा होना भी इसी प्रकार आवश्यक नहीं है; जव मत्कुण (खटमल) तक उसका नायक हो सकता है, तो और किसी के होने की संभावना प्रकट ही है; रचयिताओं में से चारण इने-गिने ही हैं : 'संदेश रासक' का कवि अब्दुल रहमान जुलाहे मीरसेन का पुत्र था; 'कायम रासो' का लेखक जान भी मुसलमान था, 'शत्रु साल रासौ', 'मांकण रासो', 'हमीर रासो', 'खुमाण रासो', 'रासाभगवंत सिह', 'करहिया कौ रायसौ', आदि के रचयिता भी चारण नहीं थे। इनमें से अनेक काव्य कथानायको के समय के है भी नहीं, वहुत पीछे के रचे हुए हैं।

इसी प्रकार 'रास' के सम्बन्ध में यह धारणा रही है कि वह कोमल भावनाओं का काव्य रूप रहा है। किन्तु एकमात्र 'बीसलदेव रास' ही शुद्ध श्रृंङ्गार का काव्य इस परम्परा मे मिलता है, शेष काव्य जैन धर्म से सम्बन्धित होने के कारण शांत रस के हैं, जिनमें से 'भरतेश्वर बाहुवली रास' में वीर रस का भी अच्छा परिपाक हुआ है। अनेक में तो कोई कथावस्तु भी नहीं है : जैसे 'उपदेश रसायन रास', 'बुद्धि रास', 'जीवदया रास', 'रेवंत गिरि रास', 'सप्तक्षेत्रि रासु' तथा 'कच्छूली रास' मे।

अव इन भ्रमपूर्ण और निराधार धारणाओं को हमें त्याग देना चाहिए। 'रासक' या 'रासो' के सम्वन्ध में तो यह अव निश्चित ही हो गया है कि वह एक छन्द-वैविध्य प्रधान काव्यरूप था और इसी रूप में वह प्राकृत-अपभ्रंश साहित्य

काल से हिन्दी के रीति काल तक विकसित होता रहा। 'रास' अथवा 'रसायन' काव्यरूप के सम्बन्ध में अभी और अधिक खोज तथा अध्ययन अपेक्षित है। आशा है कि पुरानी पश्चिमी राजस्थानी और गुजराती के विद्वान् 'रास'-'रसायन' परम्परा की रचनाओं का विश्लेषण करने और उस काव्य रूप के आधारभूत तत्वो का निर्धारण करने में दत्तचित्त होंगे।

१०. बीसलदेव रास का काव्यत्व

बीसलदेव रास' एक खंड काव्य है : उसमें बीसलदेव तथा राजमती के जीवन की एक ही घटना को पल्लवित किया गया है : वह है बीसलदेव का राजमती की एक बात से रूठ कर उड़ीसा चला जाना और बारह वर्षों के अनंतर पुनः राजमती के बुला भेजने पर वापस लौटना। यह घटना नायक-नायिका के जीवन की एक वैयक्तिक घटना के रूप मे ही प्रस्तुत की जाती है, किसी और विशाल परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत नही की जाती है। बीसलदेव एक वैभवशाली राजा है, किन्तु उसके प्रवास से उसके राज्य पर क्या बीतती है, उसकी प्रजा की क्या दशा होती है, और समाज उसके प्रवास को किस दृष्टि से देखता है—आदि बातें काव्य का वर्ण्य नही बनती है। उसका यह प्रवास किसी महत् उद्देश्य से भी नही होता है, केवल उड़ीसा से हीरे लाने के लिए होता है। उद्देश्य की प्राप्ति में भी किसी महत् साधन या उपाय का अवलंबन नहीं लिया जाता है, बीसलदेव उड़ीसा जाकर चुपचाप वहाँ की राजसेवा में प्रविष्ट हो जाता है, और बारह वर्षों के अनंतर अजमेर वापस होने के समय जब अपना वास्तविक व्यक्तित्व प्रकट करता है, उसके सम्मानार्थ उड़ीसे के राजा रत्नराशि देकर उसे विदा करता है। फलतः रचना किसी भी दृष्टि से महान् नहीं कही जा सकती है। कितु अपनी सीमित परिधि में वह अवश्य ही सरस, ललित और कलापूर्ण है।

कथा का नायक बीसलदेव है और उसकी नायिका राजमती है किन्तु काव्य नायक-प्रधान न होकर वस्तुतः नायिका-प्रधान है। कवि ने इसी नायिका के व्यक्तित्व को भली भाँति उभाड़ा है, और निस्संदेह अपने कुछ विशिष्ट गुणों के कारण वह

हिन्दी साहित्य का एक सर्वप्रिय चरित्र वन गई है।

राजमती एक नव विवाहिता पत्नी के रूप में हमारे सामने आती है : वह बीसलदेव के स्वभाव से अभी परिचित नहीं है, फलतः जव वीसलदेव उसके सामने डीग हॉकने लगता है कि—

मो सारिषउ नही अवर भूआल।२८।

वह यह भूल कर वैठती है कि उसकी हॉ-मे-हॉ न मिला कर कह पड़ती है कि उसे गर्व न करना चाहिए क्योंकि उसके सामने अनके भूपाल है, जिनमें से एक तो उड़ीसा-पति ही हैं, जिसके राज्य में उसी प्रकार खानें हीरे उगलती हैं जिस प्रकार उसके राज्य में सॉभर की झील नमक उगलती है—

गरव म करि हो साइंभरिवाल।
तो सारिषा अवर घणा रे भूआल।
एक उड़ीसा कउ धणी।
वचन दुइ म्हांका माणि म मणि।
जिउं थारइ स इंभरि उग्रहइ।
तिउं आंधरि उग्रहइ हीरा कइ पांणि।।२६।।

वस इतनी सी ही वात पर वीसलदेव रूठ पड़ता है और वारह वर्ष तक के लिए उसे छोड़ कर उड़ीसा जाने और हीरे की खानें लाने की प्रतिज्ञा कर वैठता है (छंद ३५)। यहाँ विचारणीय यह है कि राजमती ने ऐसी कौन-सी लगने वाली वात कह दी जिसके कारण बीसलदेव इस प्रकार घर-वार छोड़कर, राज्य छोड़कर, और नव विवाहित पत्नी को छोड़कर ऊलग (चाकरी) के लिए एक दूर देश को वारह वर्षों के लिए चला जाता है। राजमती ने तो यह भी नही कहा था कि उससे वढ़ा-चढ़ा कोई राजा है; उसने तो यही कहा था कि उसके सदृश अनेक राजा हैं। और इतनी सी ही वात बीसलदेव को लग जाती है।

किन्तु जैसे ही राजमती को बीसलदेव के इस उद्धत स्वभाव का परिचय मिलता है, वह उत्तर में एक शव्द भी विना कहे अपने समस्त स्वाभिमान को तिलांजलि देकर अपने को अपराधिनी मान लेती है। वह उसके पैर की जूती वन

जाती है और कहती है—

कीटी ऊपर कटको किसी।३६।

सचमुच ही उसकी भूल—यदि वह वास्तव में भूल थी-एक कीट सदृश ही कही जा सकती थी, जिसके दंड के लिए बीसलदेव का यह संकल्प एक कटक तुल्य ही था; वह कहने लगती है कि उसने तो हैसी भर की थी, जिसे बीसलदेव ने सच्चा मान लिया! (छन्द ३६)

जहाँ तक हीरे लाने की बात है उसके सम्बन्ध में भी वह कहती है कि उसे इतने दूर देश जाने की आवश्यकता नही है, वह (राजमती) अपने पीहर जाकर हीरे तथा बहुमूल्य पत्थर ला देगी (छंद ३७)। किन्तु उसके अनुरोधों का कोई प्रभाव बीसलदेव पर नही पड़ता है और वह दूसरे ही दिन सपादलक्ष देश को छोड़कर उड़ीसा जाने का निश्चय करता है (छंद ३८)। राजमती उससे कहती है कि चाकरी के लिए जाने मे बड़ी अपकीर्ति होगी, किन्तु इसका भी कोई प्रभाव बीसल देव पर नही पड़ता है (छन्द ३९)। इस पर वह कहती है कि यदि बीसल देव ने जाने का ही निश्चय कर लिया है तो वह उसकी सैविका के रूप में उसके साथ जाएगी, उसके पैर दाबेगी, उसे पंखा झलेगी, जब वह सोवेगा, उसके पहरे में खड़ी जागती रहेगी, और इस प्रकार अपने स्वामी की सेवा करेगी—

ऊलग जाण की करइ छै बात।
हूँ पण आवसुं रावलइ साथि।
बांदीय हुइ करि निरबहूं।
पाव तलासिसुं ढोलिसुं वाइ।
ऊभीय पुहरइ जागिसुं।
इण परि ऊलगुं आपणउ राय।।४०।।

किन्तु बीसलदेव उसके इस अनुरोध को भी ठुकरा देता है (छन्द ४१)। वह अब उसके अंचल पकड़ कर उससे अनुनय-विनय करती है और कहती

है कि तरुण तथा संतानहीन होने के कारण उसके विरह को वह सहन न कर सकेगी, इसलिए ही था तो वह उसको साथ ले जावे, और या तो उसका जीवन समाप्त कर दे–

चालियउ उलगाणउ धण जाण न देइ।

मो नइ मारि कइ सरिसीय लेइ।

अंचल ग्रहि घण इम कहइ।

दुइ दुष सालइ हो सामीय सांझ।

जोवन मुरडीय मारिस्यइ।

दोस किसंउ जइ साधण वांझ।।४२।।

किन्तु उसके इस आग्रह का भी कोई प्रभाव बीसलदेव पर नही होता है और वह अंचल छुड़ा कर जाना ही चाहता है। तव राजमती की समस्त आशाओं आकांक्षाओं पर पानी फिर जाता है; जीवन उसके लिए भारतुल्य हो जाता है (छन्द ४४, ४५)। एक-दो बार और वह वीसल देव से कुछ कहने का साहस करती है (४८, ५०), किन्तु वीसलदेव फिर भी अपने निश्चय पर अडिग रहता है। (छन्द ५१)। सामान्यतः एक नारी जिस सीमा तक नही जा सकती है, उस सीमा तक राजमती जाती है। राजमती की सखियाँ जव उससे कहती है कि यदि स्त्री चाहे ही तो उसके अंचल में बँधा हुआ पति किसी प्रकार उसको छोड़कर नहीं जा सकता है (छन्द ५२), वह कहती है–

सात सहेलीय सुणउ म्हारीय वात।

कंचूउ पोलि दिपाडिया गात्र।

जां दीठां मुनिवर चलइं।

म्हाकउ मूरष राव न जाणए सार।

त्रीयां चरित मइ लष किया।

राउ नही सपी भइंस पीडार।।५३।।

राजमती के इस सीमा तक जाने के अनन्तर भी यदि बीसलदेव अविचलित रहता है, तो राजमती का उसको मूर्ख कहना और यह कहना कि वह नरपाल

नही महिषपाल है, यथार्थ ही लगता है।

कुछ आलोचकों को यह बात खटकी है कि राजमती ने इस स्थान पर तथा एकाध अन्य स्थानो पर भी पति को मूर्ख कहा है, अथवा उसके संबंध में इस प्रकार की शव्दावली का प्रयोग किया है, किन्तु एक निरपराध नव-विवाहिता से उसके सतत क्षमायाचना और आत्मसमर्पण पूर्ण होने पर भी यदि उसे छोड़कर कोई जाने पर ही तुला हो तो उसे इससे कम क्या कहा जा सकता है? अमर्षपूर्ण सीता ने वाल्मीकीय 'रामायण' में उनको छोड़कर वन जाते हुए राम के मुख पर कहा है, 'मेरे पिता मिथिलाधिप राजा जनक ने आपको पुरुष-शरीर धारी स्त्री नहीं समझा था, तभी तो उन्होंने आप को दामाद बनाया था'—

कि त्वामन्यत वैदेहः पिता मे मिथिलाधिपः।
राम जामातरं प्राप्य स्त्रियं पुरुष विग्रहम्।।

(रामायण, अयोध्या कांड, ३०.३)

राजमती ने तो बीसलदेव के मुख पर इतना भी नहीं कहा।

एक बार ज्योतिषी से कहलवा कर वह ठीक मुहूर्त न होने के बहाने बीसल देव को इसलिए कुछ दोनों तक रोक रखती है कि कदाचित् वह किसी प्रकार से उसे समझा ले (छंद ५४-५६)। कितु फिर भी कोई परिणाम नही निकलता है, और बीसलदेव उसे छोड़कर उड़ीसा चला ही जाता है।

बाहर वर्ष के कठोर दिन तरुणी राजमती बड़ी कठिनाई से काटती हैः महीने आते हैं और उस वियोगिनी को अधिकाधिक संतप्त करके चले जाते है; ऋतुएँ आती है, और वर्ष आते है और इसी प्रकार चले जाते हैं, बीसलदेव नही आता है। राजमती अपने स्त्री-जन्म पर झंखती है : वह कहती है कि इससे तो अच्छा होता कि वन का कोई जीव होती—

अस्त्रीय जनम कांइ दीधउ महेस।
अवर जनम थारइ घणा रे नरेस।
रानि न सिरजीय रोझडी।

घणह न सिरजीय धउलीय गाइ।

वनपंड काली कोइली।

हउं वइसती अंवा नइ चंपा की डाल।

भषती द्राष वीजोरडी।

इणि दुष झूरइ अवला जी वाल।।८१।।

वह कहती है कि वह रानी न होकर जाटनी होती तो भी अच्छा होता, कम से कम वह अपने पति के साथ काम में लगी रहती और खुलकर उसे गले तो लगाती—

आंजणी काइं न सिरजीय करतार।

षेत कमावती स्यउं भरतार।

पहिरिण आछी लोवडी।

तुंग तुरीय जिम भीडती गात्र।

साईय लेती सासुही।

हंसि हंसि वूझती प्री तणी वात।।८२।।

वह अव पंडित (पुरोहित) के पास आती है और उससे वीसलदेव के पास संदेश भेजती है। वह वीसलदेव से कहने के लिए उससे कहती है कि वह उसके विरह में ऐसी कृशगात हो गई है कि वाएँ हाथ की मुद्रिका अव उसकी दाहिनी बॉह मे भी ढीली पड़ रही है—

पंडिया कहिज्यो म्हारइ प्रीय नइ जाइ।

डावां हाथ कउ मुंदडउ।

ढलिक करि आवइ हो जीमणी वाह।।८५।।

वह उसे इस वात का स्मरण दिलाती है कि उसी ने चंद्र सूर्यादि की साक्षी देकर दोनो का पाणि-ग्रहण कराया था (छंद ८६), वह वीसलदेव से कहने के लिए उससे कहती है कि एक राम थे, जिन शूर ने स्त्री के लिए समुद्र पर सेतु

बॉधा था, और एक वह है जिसने अपनी नव विवाहित स्त्री को अपना अमूल्य यौवन समाप्त करने के लिए छोड़ रक्खा है—

वालुं हो धणीय तुम्हारडउ जांण।
कठिन पयोहरां तिज्यउ परांण।
बालउ जीवन षिसि गयउ।
जोवन के सिरि बांधिया नेत।
जिण बांधिया रावण षिस्यउ।
त्रिय कारणि राम बांधियउ सूरा सेत।।८७।।

वह एक पत्रिका भी लिखकर पंडित के हवाले करती है, जिसमें वह अपने पति को विश्वास दिलाने के लिए कि पत्रिका उसी की लिखी है, अन्य किसी को जो न ज्ञान हो सकता रहा हो ऐसा एक संकेत लिखती है—

साम्हइ हियडलय जीमणी कूँषि।
दुइ नष लागा नाह का।
आप समांणी करती आलि।
धण विसहर प्रीयउ गरुडी।
आउ सामी थारा डंक संभालि।।९०।।

किन्तु इस पत्रिका में उसके मन का जो अमर्ष है वह उमड़ ही पड़ता है। वह कहती है कि वह एक कुलीन कन्या है, और शील (सदाचार) की शृंखला से किसी प्रकार उसने अपने यौवन को जकड़ रक्खा है, जिस प्रकार कोई किसी चोर को बॉध रखता हो, अतः यह स्वाभाविक ही है कि इसका पाप उसके उस निष्ठुर पति को पहुँच रहा हो, जिसने उसे अकारण छोड़ रक्खा है और यदि वह अब भी न आया तो इस जन्म में तो वह उलगाणा (राजभृत्य) ही हुआ है, अगले जन्म में वह सॉप होगा—

कुल की रे बेटीय सील जंजीर।
जोवन राषउं मइ चोर जिउं।

पगि पगि तो नइ पहूच रे पाप।

इणि भवि उलगाणउ हुउ।

अवर भवि होयउ कालउ सांप।।९२।।

किन्तु पंडित से वह अपनी दुर्दशा का ही संदेश भेजना चाहती है—

पंडिया तिम कहेज्यो जिम प्रीय नि रिसाइ।

साधण तुझ विण अन्न न पाइ।

कुहाणी फाटउ रे कंचुयउ।

षोपरि फाटउ तु धण केरउ चीर।

जिम दव दाधी लाकड़ी।

तूं तउ उव इगउ रे आविज्यो नणद का वीर।।९४।।

पंडित उड़ीसा पहुँचकर बीसलदेव को राजमती की पत्रिका देता है, और उसका संदश कहता है। वीसलदेव उड़ीसा के राजा से विदा लेता है और रत्नराशि लेकर अजमेर के लिए प्रस्थान करता है। वह एक योगी से राजमती को अपने प्रस्थान की पत्रिका भेजता है। उस पत्रिका को पाकर राजमती गले से लगा लेती है किन्तु वह इस मांख (अमर्ष) से रोने लगती है कि किसी समय जिसके विना वह छड़ी भी न जी सकती थी, उससे पत्र-व्यवहार तक की नौवत आ गई—

चीरी रही गोरी गलइ लगाइ।

जाणि करि बाछडइं स्युं मिली गाइ।

नइणां थी लोही पडइ।

परिहसि रूनी भीनउ छइ हार।

जिण विण घडीय न जीवती।

हिवइ ताहि स्युं हुआ चीरी दिवहार।।११७।।

अन्ततः वह दिन आ जाता है जब उसका पति लौटता है; उसके आगमन के धौंसे को सुनकर वह युवती संतोष की एक गहरी सॉस लेती है कि वियोग

की इस दीर्घ अवधि को वह निर्मल चरित्र के साथ व्यतीत करने में समर्थ हुई है—

ऊलग पूगि धरि आवियउ भरतार।
जाणि करि उतरी समुन्द कउ पार।
कलंक न कोई सिर चडिउ।
बाधतउ जोबन विरह की झाल।
लंछण को लागउ नही।
पगि पगि सषीय न झंषियउं आल।।१२१।।

उसका सामना करने को वह, कवि की अपूर्व कल्पना में, अर्जुन की भाँति सन्नद्ध होती है—

हिव धरि आवियउ सइंभरि वार।
अरजन जिम धण करइ सिणगार।
भमुह कोवंड चहोडिया।
नव कुच कंचू मेल्हिया षंचि।
कंत पियारह कारणइ।
तिण कारणि धण मेल्हिया संचि।१२२।।

उसके जो अंग किसी समय चोर की भाँति बँधे हुए थे, अब वे छोड़ दिए जाने पर उसके सहायक बनकर स्वभावतः अर्जुन के बाणों की भाँति पुनरागत स्वामी के हृदय को विद्ध करने के लिए तैयार हो जाते हैं। किन्तु प्रवास से लौटा हुआ उसका निर्लज्ज पति जब उसे प्रसन्न करने का प्रयत्न करता है, राजमती उसकी मूर्खता पर व्यंग्य किए बिना नहीं रहती है—

ऊलग जाइ तइं किसउ कियउ नाह।
मोडि उसीसउ नइ सूतउ बांह।
कठिन पयोहर नू मिल्या।
केली गरभ सा नू मिल्या गात।
जांघ जोडावउ नू निरषिया।

रंग भरि रयणि न षेलियउ षेल।
देव सतावौ तूं फिर आउ।
स्वामी घी विणजियउ नइ जीमियउ तेल।।१२६।।

और पाठक भी राजमती के साथ सहमत होकर कह उठता है कि बीसलदेव ने घी का वनिज करते हुए भी खाया तेल ही! कवि उस पुनर्मिलन में भी नायिका की विरह-वेदना को नही भूलता है—

कनक काया जिसी कूंकूं रोल।
कठिन पयोहर हेम कचोल।
केलि गरभ जिसी कूंवली।
घायल जिउ धण षंचइ अंग।
मोडि कडि चालइ गोरडी।
उणकी विरह वेदन नवि जाणइ कोइ।
जिउं राजा राणी सु मिल्या।
तिम एण संसार मिलिज्यो सहु कोइ।।१२८।।

फलतः यह प्रकट हो गया होगा कि यद्यपि रचना में कोई महानता नहीं है किन्तु जीवन की यथार्थता सरसतम रूप में व्यंजित हो सकी है, पुनः साहित्य में न हमें दूसरी राजमती मिलती है और न दूसरा बीसलदेव ही मिलता है, और इसी में 'बीसलदेव रास' के कवि की सबसे बड़ी सफलता निहित है।

उसके वर्णन भी उसके अपने हैं। उसका बारहमासा हिंदी के आदि कालीन वारहमासा में से है और किसी भी बारहमासे से टक्कर ले सकता है। बीसलदेव के अभिज्ञान को कवि ने कितना वास्तविकोपम वनाने का यत्न किया है—

दाढीय राम कइ भमर भमाइ।
मस्तक माहे केवडइ।
माहिलइ कोइय जीमणी आंषि।
कालउ तिलउ अछइ भमर जिसउ।...।।६६।।

इस अभिज्ञान-विवरण मे वह उसकी दाहिनी ऑख के कोने के तिल तक को बताना नहीं भूलता है। यही बात राजमती के भी अभिज्ञान में देखी जा सकती है—

सांभलउ जोगी कहइ नरनाथ।
कोमल पदम छइ धण केरइ हाथ।
मूँगफली जिसी आंगुली।
उणिरा कठन पयउहर काजली रेह।
बोलती बोल छइ आकुली।
दंत दामिड धण चीता कय लंकि।।११३।।

उसकी आकुल बोलने की आदत को बताना कवि नहीं भूलता है।

एक और विचित्र बात जो इस कवि में दिखाई पड़ती है वह है इसकी हास्य या विनोद-प्रियता, राजमती ने वर्ष भर का संवल देकर पंडित को भेजते हुए उससे घी अधिक खाने के कहा था जिससे कि वह द्रुत गति से चल सके—

धीय घणउ जीमजो जिम पगि हुवइ प्राण।६७।

किन्तु पंडित को पेट-पूर्ति ही अधिक प्रिय लगने लगती है, वह खूब खा पीकर मजे-मजे में चलता है, और वह सब भुला देता है जो उससे राजमती ने कहा था—

कोस पयाणइ पंडियउ जाइ।
सात अंगारा करि बइठउ जी षाइ।
हलवइ-हलवइ पग ठवइ।
चालतां गोरडी दीधी थी सीख।
ते सहु पंडिया नइ वीसरी।
चालिवा लागियउ छोटीय वीष।।६६।।

इसी प्रकार कवि का उड़ीसा वर्णन देखिए—जहाँ बैल की पूजा होती है और

गाय हल में जोती जाती है, मांड खाया जाता है, और चावल रख लिया जाता है—

सातमइ मास पहूतलउ जाइ।

जठइ मानिजइ वदल नइ बहइ गाइ।

मांड पीजइ कण राषिजइ।

तठइ लाल विहूणी वाजइ छइ घांटि।

इसीय सकति अछइ देव की।

नाहर चोर नवि लगाए वाट।।१००।।

इस प्रकार की विनोद-प्रियता हिंदी साहित्य में बहुत ही कम मिलती है। फलतः 'वीसलदेव रास' अपने ढंग की एक ही रचना है, और इसका कवि भी अपने ढंग का अकेला ही है, और इसलिए श्री मोतीलाल मेनारिया के उक्त कथन से सहमत होना सम्भव नहीं ज्ञात होता है जा इस भूमिका के प्रथम शीर्षक विपय-प्रवेश के अन्तर्गत प्रारम्भ में ही उद्धृत किया गया है।

बीसलदेव रास

राग केदारउ

[१]

गउरिका[१] नंदन त्रिभुवन सार।
नाद२ भेदइ[३] थारइ उदर भंडार।
एकदंतउ[४] मुखि[५] झलहलइ[६]।
मूंसाकउ[७] बाहण[८] तिलक सिंदूर[९]।
कर जोड़ी[१०] नरपति[११] भणइ[१२]।
जाणि करि[१३] रोहिणी[१४] तप्पइ[१५] सूर[१६]।
भुवणनइ[१७] देषउं रे[१८] रबि[१९] तलइ।।

---

[१] यह छंद म०, पं० र० ग्या० ना० न० अ० १, प्र० १.१, स० १.२ है। स० प्र० में स्वीकृत .३, तथा .५ परस्पर स्थानांतरित हैं। प्र० में ध्रुवक है : भुवण मोहो वर कामिणी।

१. पं० गवका, र० ग्या० न० प्र० गवरिका, स० गौरी। २. न० नादइ। ३. ना० भेद, स० प्र० बेदां।। ४. अ० दंत। ५. म० ना० स० प्र० मुख। ६. स० प्र० झलमलइ (प्र० झलमलि=झलमलइ)। ७. म० ग्या० मूसका, पं० मुसिकाउ, ना० न० मूसा को, अ० मूसक, स० सुमूषा, प्र० मूसा० का। ८. ग्या० [में नहीं है]। ८. पं० सेंदूरि, अ० सिदूर कि०, स० सेंदुर। १०. स० जोड़े। ११. प्र० नाहलो (=नाल्हो)। १२. प्र० कवि। १३. ग्या० जाणकरि, ना० जाणिकेरि, स० जाणिक, प्र० जाणकि। १४. म० रोहिणी जिउ, पं० रोहिणी जिम, र० रोहिणी युं, ग्या, ना० रोहिणीज्युं, न० रोहिणाचल, स० रोहिणीउ, प्र० रोहिणी इउं। १५. म० तप्पउ, पं० तेपउ, प्र० तपे। १६. पं० सूरि, ना० अ० सूरि कि। १७. पं० भवण नइ, ना० भवण न० (इसी कारण ध्रुवक का पहला अक्षर समस्त छंदों के साथ पं० ग्या० ना०

[२]

दूसरइ कडवइ[१] गणपति[२] गाइ[३]।
नवण[४] करी[५] नइ[६] लागु जी पाइ।
तोहि[७] लंबोदर वीनवउं[८]।
सिद्धि नइ[९] बुद्धि[१०] तणउ रे[११] भंडार[१२]।

न० में 'भ०' है), र० ग्या० कइ भवण नइ, न० कि भवण न० (ना० अ० में यह 'कि' पूर्व की पंक्ति में अंत में है)। १८. ना० न० देबु मू० देबुंजी। १९. पं० तपई। (पं० ग्या० ना० न० में पंतिम पंक्तिम पंक्ति अगले छंद की पहली पंक्ति के रूप में है, जो कि भूल से हुआ ज्ञात होता है)।

[२] यह छंद म० ना० २, ग्या० पं० र० न० अ० ३, स० १.४, प्र० १.३ है। [इस छंद की पहली ही पंक्ति है : दूसरइ कडवइ...अतः यह निश्चित रूप से ग्रन्थ का दूसरा छंद रहा होगा]।

किन्तु स० में.१,.२,.४,.५ है।

(.१) तुठी सारदा त्रिभुवन माई। (तुलना० स्वीकृत २.२)
(.२) देव विनायक लागूं हूं पाय।
(.३) चउसठि जोगिनि का अगिवाण।
(.४) चउथ जोहारूं खोपरां।

प्र० में भी .४, .५ स० की हैं, किन्तु शेष यथा स्वीकृत हैं।

१. म० कडुअउ, पं० कडवउ र० कडूवै, ना० प्र० कडवै जी, न० अ० कडुयइ। २. र० तूं गणपति। ३. म० सार (तुलना० स्वीकृत १.१), ना० गाय। ४. म० न्हवण, ग्या० नुवणि, अ० नमणि, न० पणमि। ५. (+६) पं० नवं करि, र० न० करुं अरु, म० ना० नमुं करि, अ० नमुं अरु, प्र० नमी करो। ७. म० ग्या० तुझ, ना० तुझइ। ८. ग्या० प्र० बीनवुं, स० बीनमूं। ९. पं० र० ग्या० बुधिका, ना० रिद्ध। १०. पं० र० ग्या० स्वामी। ११. पं० र० ग्या० मुगति, ना० तणौजी।

चउथि करउं तुझ[13] पारणउ[14]।
भूलउ जी[15] अक्षर आणिज्यो[16] ठांइ।।भु०।।

[३]

हंस गमणि[1] मृगलोयणी[2] नारि।
सीस समारइ[3] दिन गिणइ४।
ततषिणि[5] ऊभी छइ राजदुवारि६।
नाहनइ जोवइ[7] चिहुं दिसइ[8]।
काइं[9] सिरजी[10] उलगाणांरी[11] नारि।
जाइ दिहाड़उ रे झूरतां[12] ।।भु०।।

१२.पं० र० ग्या० ना० दातार। १३. पं० थारउ। १४. ना० पारणै। १५. पं० तूं जी झूलउ जी, स० भूलेउ। १७. स० आणिजे।

[३] यह छन्द म० ना० ३, पं० र० ग्या० न० अ० २, स० १.१, प्र० १.२ है। किन्तु पं० र० ग्या० .४ है : चिहुँ दिसि नाह निहालती। स० में .३ तथा .४ नहीं है। म० और ना० में एक अतिरिक्त पंक्ति ८.७ है :

(मा०) इसी नारी न० देव दुखिणी कांइ।
(ना०) एक पग आंगणि एक पग द्वार।

१. म० गज गमणी, स० हंस बाहणि (तुलना० स्वीकृत ४.१)। २. म० मृगा लोचनी, स० मिग लोचनि, ना० मृग लोचनी। ३. पं० र० सवारइ, ग्या० संभारइ। ४. प्र० गणै। ५. पं० सतषिण, अ० सुलक्षण, प्र० साय धण। ६. न० राजकुवारि, मू० पलि दुवार।। ७ म० नाहि निहालुं, प्र० नाह न० देषइ। ८. प्र० दसा। ९. पं० का, प्र० स० जिण। १०. प्र० सिरजो, स० सिरजइ। ११. पं० ना० प्र० उलगाणां की; स० उलिगण घर। १२. र० झूरती, ग्या० झूरतां।

[४]

हंस वाहणि[१] देवी[२] करि धरइ[३] वीण।
जूठडउ[४] कवित[५] कहइ[६] कुलहीण[७]।
वर देज्यो[८] माता[९] सारदा[१०]।
भूलउ जी[११] अक्षर आणि[१२] वहोडि[१३]।
तइं[१४] तूठी[१५] अक्षर[१६] जुडइ[१७]।
नाल्ह वषाणइ वे कर जोड़ि ।।ध्रु०।।

---

[४] यह छन्द म० पं० र० ग्या० ना० न० अ० ४, स० १.५, प्र० १.४/२ तथा १.५ है। किन्तु पं०, र०, ग्या० अ० .६ है : नाल्ह भणइ अति सीय वाणि। स० में स्वीकृत .५ यथा .३ है, और .५ है : वीसलदेव रास प्रगासतां। पुनः स० .६ है : नाल्ह कहइ जिणि आवइ हो खोडि। प्र० में अतिरिक्त .७, .८ हैं :

(.७) सरसती सामणि करौ तै पसाय।
(.८) रास कहूँ राजा वीसलराय।

१. (+२) प्र० सरसती सामणि। २. (+३+४) म० में० अतिरिक्त शब्दावली पुनरावृत्ति के रूप में है 'वी कर धरउ'। ३. पं० धरउ, ग्या० ना० धरी. प्र० ग्रहइ। ४. पं० झूठउ, र० झूठो रे. ना० न० म० झूठउ, प्र० झुठड़ो, स० (+५+६) कुकठ कंथू वोलूं। ५. म० प्र० कवीयण, पं० किंवत (कवित्त), र० अ० कयित, न० वकित। ६. म० हुइ, प्र० हूं। ७. प्र० मतिहीण। ८. प्र० दीयो। ९(+१०). प्र० देवी सारदा। ११. पं० भूलउ। १२ (+१३) म० पं० र० ग्या० ना० न० आणिजो ठाई (तुलना० स्वीकृत २.६)। १४. स० तो, म० अ० जइ। १५. न० स० तूठां। प्र० तूठै। १६. स० बर। १७. स० प्रापिजइ।

[५] वह छन्द म० पं० र० ग्या० ना० न० अ० ४, स० १.३, प्र० १.४/१

[५]

नाल्ह रसाइण रमभरि[१] गाइ।
तूठी[२] छइ[३] सारदा त्रिभुवन माइ।
उलगाणा गुण[४] बर्णवउ[५] सगूण[६] सुमावासां[७] सीषिज्यो[८] रास।
स्त्रीयचरित्र[९] धण[१०] लष[११] लहइ[१२]।
एकही[१३] अक्षर[१४] सरब[१५] विणास। ।मु०। ।

[६]

भोजराज तणउ[१] मिल्यउ छइ दिवाण[२]।
बहु नर बैठा छइ[३] अगवाणि[४]।

है : किन्तु प्र० में उपर्युक्त .४ और .५ के बीच अतिरिक्त है :

कुकुठ कुमाणस सीष न लाप।

